राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-337
लखनऊ, शनिवार 27 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कारगिल युद्ध के दौरान जवानों के शौर्य व साहस का लोहा दुनिया ने माना : योगी 03

कृषि को मुनाफे का व्यवसाय बनाने के लिए सरकार प्रयासरत : शिवराज 12

## संक्षिप्त समाचार

### कानपुर में मेडुवा गांव के पास पाए गए नोटों के कतरन

**कानपुर।** अरौल थाना क्षेत्र में मेडुवा गांव के पास सर्विस लेन रोड पर शुक्रवार को नोटों के टुकड़े बड़ी तादाद में पाए गए। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने नोटों के बारीक टुकड़ों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि अरौल थाने को टेलीफोन से ग्रामीणों ने सूचना दिया कि मेडुवा गांव के पास सर्विस लेन रोड पर नोट के टुकड़े सड़क पर फैले हुए हैं। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया देखने से प्रतीत हो रहा है कि नोट के बारीक टुकड़े है। जिसमें 10, 20,50,100 ,500 रुपये के नोट के टुकड़े शामिल हैं। लेकिन नोट असली है या नकली इस संबंध में जांच की आवश्यकता है। हालांकि नोंटो के बारीक टुकड़ों को एक बोरी में सुरक्षित रख लिया गया है। इस संबंध में जांच के लिए निर्देश दिए गए है और अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तबादला : राजेश मीणा को बनाया गया गृह सचिव

**लखनऊ।** एसपी बलिया पर गाज गिरने के बाद शासन ने राजधानी में पीएसी की 32वीं वाहिनी में तैनात विक्रांत वीर को बलिया का नया पुलिस कप्तान बनाया है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात विजय ढुल को यूपी 112 का एसपी बनाया गया है। 112 में तैनात एसपी दिनेश त्रिपाठी को कानपुर कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। शुक्रवार को दो आईएएस के तबादले किए गए हैं। श्रीनिवास गुर्राला को पीडब्ल्यूडी में सचिव बनाया गया है। इसके अलावा राजेश मीणा गृह सचिव बनाए गए हैं। जबकि मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम की जिम्मेदारी भी दी गई है।

### बंगाल नौकरी घोटाला में 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल नगरपालिका नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई ने बंगाल की 15 विभिन्न नगर पालिकाओं में 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान की है। ये सभी भर्तियां 2014 से आउटसोर्स की गई एजेंसी एबीएस इन्फोजोन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से की गई थीं, जिसका स्वामित्व निजी प्रमोटर अयान सिल के पास है। वह स्कूल की नौकरी के लिए करोड़ों रुपये की नकदी मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में है। राज्य में कुल 17 नगर पालिकाएं सीबीआई जांच के दायरे में हैं और केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 15 शहरी नगर निकायों में अवैध भर्तियों की पहचान की है। उत्तर 24 परगना जिले में पानीहाटी और टाकी नगरपालिकाओं में सीबीआई अवैध भर्ती के एक भी मामले का पता नहीं लगा पाई है।

### भारत ने एशियाई आपदा तैयारी केंद्र की अध्यक्षता संभाली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस दिशा में कई वैश्विक पहल की हैं, जिनमें आपदा रोधी अवसंरचना के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की स्थापना जैसी पहल प्रमुख हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को बैंकॉक, थाईलैंड में वर्ष 2024-25 के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से एशियाई आपदा तैयारी केंद्र की अध्यक्षता संभाली है।

पीएम मोदी ने कारगिल दिवस पर पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा

# पाक ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

▸ आतंकवाद के संरक्षकों के नापाक इरादे कभी नहीं होंगे सफल


एजेंसी

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

श्री मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।



#### रक्षामंत्री राजनाथ ने कारगिल के रणबांकुरों को किया याद



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आज सुबह साल 1999 के इस युद्ध में सैनिकों के बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, आज कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर हम उन बहादुर सैनिकों की अदम्य भावना और साहस को याद करते हैं जो 1999 के युद्ध में बहादुरी से लड़े थे। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, वीरता और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। उनकी सेवा और बलिदान हर भारतीय और हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।भारतीय सेना ने कारगिल की लड़ाई में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाते हुए 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त की थी। यह युद्ध करीब दो माह लड़ा गया।

#### देश को मजबूत करेगी अग्निपथ योजना : मोदी

प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा और युद्ध के लिए फिट रखना है। कांग्रेस पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोचते थे कि सेना का मतलब नेताओं को सलामी देना और परेड करना है, लेकिन हमारे लिए सेना का मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था है। श्री मोदी ने कहा, अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाये रखना है, सेना को लगातार युद्ध के लिए फिट रखना है। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेना को कमजोर किया। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जो चाहते थे कि भारतीय वायुसेना को कभी आधुनिक लड़ाकू विमान न मिले। ये वही लोग हैं, जिन्होंने तेजस लड़ाकू विमान को खत्म करने की तैयारी कर ली थी। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना देश को मजबूत करेगी।

# एनटीए ने नीट-यूजी 2024 का संशोधित परिणाम किया घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) - 2024 का पुनः संशोधित परिणाम घोषित कर दिया। इसमें शीर्ष रैंक पाने वालों की संख्या घटकर अब 17 रह गई है। इससे पहले, ऑल इंडिया रैंक होल्डर्स (एआईआर) की संख्या 67 थी, उनमें से छह को निरीक्षक की गलतियों के कारण परीक्षा के दौरान खोए समय के लिए अतिरिक्त अंकों के साथ मुआवजा दिए जाने के कारण सूची में रखा गया था।

आज जारी संशोधित नीट यूजी मेरिट सूची के अनुसार, 17 छात्र शीर्ष रैंकर्स सूची में हैं, उनमें सबसे अधिक चार राजस्थान से हैं, तीन महाराष्ट्र से, दो-दो दिल्ली और उत्तर प्रदेश से जबकि एक-एक बिहार, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, चंडीगढ़ और केरल से हैं। इन 17 में से चार महिला उम्मीदवार हैं। शीर्ष रैंक पाने वालों में



मृदुल मान्या आनंद (दिल्ली), आयुष नौगरैया (उत्तर प्रदेश), माजिन मंसूर (बिहार), प्रचिता (राजस्थान), सौरव (राजस्थान), दिव्यांश (दिल्ली), गुनमय गर्ग (पंजाब), अर्घ्यदीप दत्ता (पश्चिम बंगाल), शुभम सेनगुप्ता (महाराष्ट्र), आर्यन यादव (उत्तर प्रदेश), पलांशा अग्रवाल (महाराष्ट्र), रजनीश पी (तमिलनाडु), श्रीनंद सरमिल (केरल), माने नेहा कुलदीप (महाराष्ट्र), तैजस सिंह (चंडीगढ़), देवेश जोशी (राजस्थान) और इरम क़ाज़ी (राजस्थान) से शामिल हैं। इस साल, 24,06,079 छात्रों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के लिए पंजीकरण कराया था और उनमें से 23,33,297 उपस्थित हुए।

# एमपी-एमएलए कोर्ट ने विधायक बेदीराम व विपुल दुबे पर पेपरलीक का आरोप किया तय

▸ साथ ही 18 अन्य लोगों पर भी कोर्ट ने तय किए आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सुभासपा विधायक बेदीराम और निषाद पार्टी के विधायक विपुल दुबे पर लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिया है। रेलवे ग्रुप डी पेपर लीक मामले में दोनों आरोपी थे। साथ ही 18 अन्य लोगों पर भी कोर्ट ने आरोप तय किए हैं।

बेदीराम और विपुल दुबे ने एमपी-एमएलए कोर्ट में डिस्चार्ज की अर्जी लगाई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। मामले में एसटीएफ ने 2006 में बेदीराम को गिरफ्तार किया था। वो जमानत पर बाहर हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ एसटीएफ ने कृष्णा नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इससे पहले 10 जुलाई को गैंगस्टर और एमपी-एमएलए कोर्ट ने सभी के खिलाफ वारंट जारी कर 26 जुलाई को पेशी का आदेश दिया था। बेदीराम गाजीपुर की जखनियां विधानसभा सीट से विधायक हैं। जबकि विपुल दुबे भदोही की ज्ञानपुर सीट से विधायक हैं। बेदीराम को सुभासपा अध्यक्ष और यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर का करीबी माना जाता है। एसटीएफ ने फरवरी 2006 में बेदीराम और विपुल दुबे को पेपर लीक मामले में अरेस्ट किया था। दोनों के खिलाफगैंगस्टर एक्ट लगा था। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी की परीक्षा का प्रश्न पत्र बरामद होने का दावा किया था। कोर्ट ने बेदीराम और विपुल दुबे की हाजिरी माफी की अर्जी को भी खारिज कर दिया। 2014 में एसटीएफने भी बेदीराम की संपत्ति की जानकारी जुटाई थी। एसटीएफ के तत्कालीन आईजी सुजीत पांडेय ने लखनऊ के तत्कालीन एसएसपी को पत्र भेजकर बेदीराम के खिलाफकार्रवाई की मांग की थी।



### भीमा कोरेगांव मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुरेंद्र गडलिंग समेत पांच को नहीं दी जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में पांच आरोपितों को डिफ़ॉल्ट जमानत देने से इनकार कर दिया है। यह फैसला बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस एएस गडकरी और जज श्याम चांडक की खंडपीठ ने सुनाया है। इस मामले के आरोपित सुरेंद्र गडलिंग, महेश राउत, रोना विल्सन, सुधीर धवले और शोमा सेन ने विशेष कोर्ट में डिफाल्ट जमानत देने के लिए याचिका दाखिल की थी। विशेष कोर्ट ने 2022 में इन सभी को डिफ़ॉल्ट जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसलिए इन आरोपितों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में विशेष कोर्ट के निर्णय को चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। इन पांचों आरोपितों को जून, 2018 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# राजनीतिक रंजिश की वजह से मुझे फंसाया गया : राहुल गांधी

समृद्धि न्यूज

**सुल्तानपुर।** रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को मानहानि मामले में सुल्तानपुर की एमपी, एमएलए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट के समक्ष राहुल गांधी ने अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रंजिश के चलते उन्हें फंसाया गया है। राहुल शुक्रवार सुबह सुल्तानपुर पहुंचे और यहां की सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए, जहां उनका बयान दर्ज किया गया।

विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा ने मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए राहुल को 26 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 12 अगस्त को तय की है। कांग्रेस नेता राहुल की पेशी के मद्देनजर दीवानी न्यायालय में सुरक्षा घेरा सख्त कर दध्यिा गया था। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि वो संसद की कार्यवाही छोड़कर न्यायालय में पेश हुए हैं। उन्होंने कोर्ट में अपना बयान दर्ज करा दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं, उनसे मैं इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को खराब करने के लिए झूठा मुकदमा मेरे खिलाफ दर्ज किया गया है।



# यूपी : पुलिस-पीएसी भर्ती में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

▸ कुछ लोगों के लिए राजनीति हुई देश से बड़ी : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस और पीएसी भर्ती में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित करेगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति एवं समृद्धि के नित नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफार्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। लगातार हर फील्ड में पिछले 10 वर्षों में बेहतरीन रिफार्म करके देश की अर्थव्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी कदम उठाए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। योगी ने कहा कि अग्निपथ योजना इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। युवाओं के मन में उत्साह है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के लिए उनकी राजनीति देश से बड़ी हो गयी है। वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका काम ही है कि रिफार्म वाले, समृद्धि वाले हर कार्य में टांग अड़ाना है। अनावश्यक व्यवधान पैदा करना, गुमराह करना, बयानबाजी करना उनकी नीयत बन गयी है। अग्निवीर को लेकर भी विपक्ष ने लगातार गुमराह करने का प्रयास किया है। आज अग्निवीर में जहां ट्रेंड युवा भर्ती हो रहे हैं, वहीं अग्निवीर की सेवा पूरा करने के बाद उन्हें सेना में भी अच्छा अवसर प्राप्त होने वाला है।



#### भारत होगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। कारगिल विजय दिवस के अवसर शुक्रवार को कैंट क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होने कहा कि तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब है कि भारत समृद्धि के नए सोपान को स्थापित करते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ जाएगा। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड पर तेजी के साथ कार्य हो रहा है।

### अब तक पांच करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न हुआ दाखिल : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अब तक पांच करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किया जा चुका हैं। ये पिछले साल 27 जुलाई तक दाखिल आयकर रिटर्न की तुलना में अधिक है। इनकम टैक्स विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि 26 जुलाई तक आकलन वर्ष 2024-25 के लिए पांच करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं। ये पिछले साल 27 जुलाई की तुलना में ज्यादा है। विभाग ने कहा कि हम पांच करोड़ आयकर रिटर्न के लक्ष्य तक पहुंचने में हमारी मदद करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। विभाग ने कहा कि हम उन सभी लोगों से आग्रह करते हैं, जिन्होंने आकलन 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है।

# आबादी से ज्यादा बन गए जन्म प्रमाण पत्र

▸ पुलिस ने बनाए गए 19284 प्रमाणपत्रों के प्रिंट भी निकाले

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** फ़र्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के खेल की जैसे-जैसे परतें जांच में सामने आ रहीं है वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने बनाये गए 19284 प्रमाणपत्रों के प्रिंट भी निकाल लिए हैं और सभी को प्रमाणित किया जा रहा है। हालांकि यह मामला बेहद ही उलझा हुआ है और इसके लिए टेक्निकल एक्सपर्ट की का भी सहारा लिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि रायबरेली के सलोन में एक जनसुविधा केंद्र से ग्राम पंचायत अधिकारी की आईडी से हजारों अन्य प्रांतों के लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए हैं, जिनमें कई संदिग्ध भी हैं। इस बात की जानकारी केरल और कर्नाटक पुलिस की जांच में सामने आई। जिसके बाद इस बड़े मामला का पता चला। जांच में जो सबसे महत्वपूर्ण बात निकल कर आ रही है, जिसमें एक गांव की आबादी से ज्यादा जन्म प्रमाणपत्र जारी कर दिए गए हैं। जबकि एक गांव में एक वर्ग के सैकड़ों प्रमाणपत्र बना दिये गए हैं जबकि उस गांव में इस वर्ग का मात्र एक ही परिवार निवास करता गया। सलोन विकास खण्ड के नूरुद्दीन पुर गांव की आबादी करीब आठ हज़ार है लेकिन यहां से 12000 जन्मप्रमाण पत्र जारी कर दिए गए है।

#### आईजी व एटीएस की टीम जांच में जुटी

इस मामले को लेकर लखनऊ के आईजी रेंज प्रशांत कुमार के साथ-साथ एटीएस की टीम भी जांच में जुटी हुई है। जिले में सभी ग्राम पंचायत से जारी हुए ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र का वेरिफिकेशन करवाया जा रहा है। पूरा डाटा मिलाने के बाद एटीएस इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। आशंका जताई जा रही कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का यह मामला दूसरे राज्यों के रास्ते आए अवैध घुसपैठियों को नागरिकता दिलाने या किसी आतंकी संगठन के लोगों को यूपी में बसाने के नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं है।

#### क्या कहते हैं भाजपा विधायक

इस पूरे मामले पर भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी का कहना है कि यह बड़े पैमाने पर इलाके के वोट बैंक को प्रभावित करने की साजिश है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटिंग हुई, हो सकता है इस फर्जी वोटिंग का यह जन्म प्रमाण पत्र हिस्सा हो यह एक जिले का मामला नहीं पूरे प्रदेश में इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए।

# न्याय सुनिश्चित करने में हाईकोर्ट ब्लैक लिस्टिंग आदेश की कर सकता है जांच

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि रिट क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते समय न्यायालयों को ब्लैक लिस्टिंग आदेश की जांच करने का अधिकार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किया गया है।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने कहा कि राज्य संस्थाओं को काली सूची में डालने की शक्ति तो दी गई है, लेकिन उन्हें निष्पक्षता और तर्कसंगतता का पालन करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि ÷किसी ठेकेदार को काली सूची में डालने का कोई भी सरकारी या सार्वजनिक प्राधिकरण का निर्णय न्यायिक समीक्षा के लिए खुला है, जिससे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों, विशेष रूप से ऑडी अल्टरम पार्टम और आनुपातिकता के सिद्धांत का पालन सुनिश्चित होता है। इसका मतलब है कि अदालतें ऐसे निर्णयों की जांच कर सकती हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न्यायसंगत और संतुलित हैं। मामले के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वाणिज्यिक परिचालन के मुख्य महाप्रबंधक द्वारा कैथी कैथी शुल्क प्लाजा चलाने के लिए अपने अनुबंध को समाप्त करने के खिलाफ याची ए के कन्सट्रक्शन कम्पनी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।



### मदमहेश्वर यात्रा पड़ाव में फंसे 106 यात्रियों का हेलीकॉप्टर से हुआ रेस्क्यू

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में मानसून बारिश कहर बनकर बरस रही है। देर रात भारी बारिश के कारण रुद्रप्रयाग में मदमहेश्वर ट्रैक पर बनातोली में मार्कण्डेय नदी पर बना अस्थायी पुल बह गया। इसके बाद मदमहेश्वर धाम सहित यात्रा पड़ावों पर फंसे 106 तीर्थ यात्रियों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर उन्हें रांसी गांव पहुंचाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गुरुवार देर रात हुई भारी बारिश के कारण मदमहेश्वर ट्रैक पर बनातोली, गोंडार में मार्कण्डेय (मोरखंडा) नदी पर बना पैदल पुल बह जाने के कारण क्षेत्र से संपर्क बाधित हो गया था। सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस तथा जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए।

उपलब्धि

प्रदेश भर में एंबुलेंस सेवा 108 की संचालित हो रहीं 2200 एंबुलेंस

# यूपी में सिर्फ सात मिनट में मरीजों तक पहुंच रही 108 एंबुलेंस

विकास तिवारी

**लखनऊ।** मरीज को सही समय पर इलाज की सुविधा मिल जाए तो ऐसे लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। प्रदेश की योगी सरकार ने इस समस्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी एंबुलेंस सेवा 108 (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज) के रिस्पांस टाइम को रिकार्ड स्तर पर सुधारा है। वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश में एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम 16:52 मिनट था।

वहीं वर्तमान में बड़े सुधार के साथ अब यह मात्र 7:30 मिनट रह गया है। इस रिस्पांस टाइम के मामले में उत्तर प्रदेश पिछले कई वर्षों से देश भर में टॉप पर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने सूबे की कमान संभालते ही लचर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए बड़े कदम उठाने शुरू किये। इसी के तहत एंबुलेंस सेवा 108 के रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए विभिन्न पहलुओं को काम शुरू किया गया ताकि गंभीर मरीजों को समय से अस्पताल पहुंचाया जा सके और उसकी जान बचायी जा सके। उनकी दूरदर्शी सोच और लगातार मॉनीटरिंग का ही असर है कि वर्तमान में एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम मात्र 7:30 मिनट है जबकि वर्ष 2016-17 में रिस्पांस टाइम 16:52 मिनट था। ऐसा नहीं है कि यह रिस्पांस टाइम एकाएक कम हो गया बल्कि सीएम योगी के विगत सात वर्षों में लगातार किये गये प्रयासों और पहल से इसे क्रियान्वित किया गया। सीएम योगी ने इसके लिए 2019 में खटारा हो चुकी 662 एंबुलेंस को हटाकर नई स्वास्थ्य तकनीक से लैस एंबुलेंस की खरीद की। इसके अलावा सेवा को बेहतर करने के लिए 712 अतिरिक्त एंबुलेंस को जोड़ा गया।






#### सीएम योगी ने लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को किया सुदृढ़

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जीएम पराग पांडेय ने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि साल दर साल एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम कम होता गया। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम वर्ष 2017-18 में 13:23 मिनट और वर्ष 2018-19 में 14:46 मिनट दर्ज किया गया। वहीं वर्ष 2019-20 में 17:28 मिनट और 2020-21 में 18:07 मिनट रिस्पांस टाइम दर्ज किया। यह रिस्पांस टाइम वैश्विक कोरोना बीमारी की वजह से बढ़ाया गया था। इसके बाद वर्ष 2022-23 में 8:46 मिनट और वर्ष 2023-24 में 7:24 मिनट दर्ज किया गया है। वहीं वर्तमान में रिस्पांस टाइम 7:30 मिनट है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे देश में एंबुलेंस सेवा का सबसे कम रिस्पांस टाइम उत्तर प्रदेश का ही है, जबकि उत्तर प्रदेश देश भर में सबसे अधिक 25.74 करोड़ जनसंख्या वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम 7:30 मिनट के साथ देशभर में पहले स्थान पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 7:57 मिनट के साथ राजस्थान, तीसरे स्थान पर 10:45 मिनट के साथ केरल है।

**सबसे खराब रिस्पांस टाइम 16:02 मिनट झारखंड का, इसके बाद अरुणाचल का रिस्पांस टाइम 15:01 मिनट और दिल्ली का 13:31 मिनट**

# परमीत सिंह की हत्या में पांच हत्यारोपी गिरफ्तार

## सोमवार देर शाम को सुन्दरवल गांव के पास चकरोड के किनारे परमीत सिंह का शव बरामद हुआ था

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के सुन्दरवल इलाके में हुए परमीत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि प्रेम प्रसंग के चलते ही परमीत सिंह की बेरहमी से हत्या की गई थी। फूलबेहड़ पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार पांचों हत्यारोपियों को जिला मुख्यालय भेज दिया है।

अटकोहना सलारपुर गांव निवासी 22 वर्षीय परमीत सिंह पुत्र स्वर्गीय गुरमुख सिंह रविवार को करीब तीन बजे घर से लखीमपुर जाने के लिए अपनी बाइक से निकला था। उसके बाद परमीत लापता हो गया था। सोमवार देर शाम को सुन्दरवल गांव के पास चकरोड के किनारे परमीत सिंह का शव बरामद हुआ था। मृतक परमीत सिंह के मामा भूपेंद्र सिंह निवासी हण्डेला फार्म कोतवाली गोला ने मृतक के फुफेरे भाई बूटा सिंह पर हत्या का शक जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस दौरान फूलबेहड़ पुलिस ने नामजद अभियुक्त बूटा सिंह पुत्र जसमेर सिंह को राजापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बसैगापुर निवासी किन्दर सिंह पुत्र बलजिंदर सिंह,किन्दर सिंह के मामा सतनाम सिंह तथा अग्गर खुर्द गांव निवासी सतनाम सिंह व हरपाल सिंह पुत्रगण सूरता सिंह तथा सतनाम सिंह के बेटे रणदीप सिंह उर्फ पप्पू को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मृतक परमीत सिंह का किन्दर सिंह की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब दो महीने पहले किन्दर सिंह ने बूटा सिंह के माध्यम से परमीत सिंह को काफी समझाया बुझाया था। लेकिन कुछ दिन शान्त रहने के बाद परमीत सिंह फिर से किन्दर सिंह की बहन से फोन पर बात करने लगा तथा वह दोनों मौका पाकर पड़ोस के एक बन्द पड़े मकान में मिलने लगे। रविवार को भी परमीत सिंह बन्द पड़े मकान में युवती से मिलने आया था। लेकिन युवती के भाई किन्दर सिंह ने परमीत की बाइक को वहां खड़ा देख अग्गर खुर्द गांव से अपने दोनों मामा व ममेरे भाई को फोन कर मौके पर बुला लिया। जहां किन्दर सिंह व अन्य ने परमीत सिंह को दबोचकर हत्यारों ने परमीत के हाथ व पैरों की नसों को भी काट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपियों ने शव को एक सुनसान चकरोड पर फेंक दिया तथा अपने अपने घर चलें गये। फूलबेहड़ इंस्पेक्टर आलोक कुमार धीमान ने बताया कि किन्दर सिंह को अपनी बहन व परमीत के प्रेम प्रसंग का पता चल गया था। किन्दर सिंह ने अपने दो मामा व ममेरे भाई तथा बूटा सिंह के साथ मिलकर परमीत सिंह की हत्या की है, सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। मृतक का मोबाइल फोन अभी तक बरामद नहीं हो पाया है, जिसकी अभी तलाश की जा रही है।

# दो दिन में पंद्रह बार लगी आग, दहशत में परिवार

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**





कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक घर में रहस्यमयी तरीके से दो दिन में पंद्रह बार से अधिक अलग अलग स्थानों पर आग लग चुकी है। पीड़ित परिवार का कहना है कि अब तक उनके घर में पंद्रह बार से अधिक रहस्यमयी तरीके से आग लग चुकी है घर में सारा सामान जलकर खाक हो गया है। दो दिन से पीड़ित परिवार अजीब से डर के माहौल में जी रहा है। सूचना पाकर मौके पर कोतवाली मोहम्मदी प्रभारी इंद्रजीत सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल जांच के लिए पहुंचे। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बस्तौली निवासी लाल जी शुक्ला ने बताया कि बृहस्पतिवार को घर में अचानक आग लग गई। उन्हें लगा किसी कारण से लग गई होगी किन्तु उसके बाद बाद आग लगने का सिलसिला जारी रहा। पीड़ित ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम पांच बजे से अब तक पंद्रह बार से अधिक घर में रहस्यमयी तरीके से आग लग चुकी है। आग रहस्यमयी तरीके से पर्दों,बिस्तर,घर में रखी लकड़ी की अलमारी में लग चुकी है। आग लगने से घर में रखा आनाज, बिस्तर, दवाईयां, पर्दे जलकर राख हो चुके हैं।पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में चार सदस्य रहते हैं। आगजनी की घटना इससे पूर्व कभी भी नहीं हुई। आग लगने का सिलसिला बृहस्पतिवार शाम से ही शुरु हुआ।

पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने अपने घर की बिजली का कनेक्शन तक काट दिया है। बावजूद इसके आग लगने का रहस्य खत्म नहीं हो रहा उन्होंने परेशान होकर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई थी। पूरा परिवार रहस्यमयी आग लगने की दहशत से खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। रहस्यमयी आग लगने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। घटना देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो रही है।

# नाले में डूबकर बुजुर्ग किसान की मौत, पीएम को भेजा शव



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना ईसानगर क्षेत्र के लोधपुरवा गांव के निकट शुक्रवार की सुबह भैसा चराने जा रहे किसान की नाले में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के ईसानगर निवासी 70 वर्षीय सुरेंद्र बाजपेई भैंसा लेकर चराने के लिए खेतों की तरफ जा रहे थे। लोधपुरवा गांव के निकट स्थित घाघरा नदी का नाला पार करते समय गहरे पानी में चले गए। और पानी में डूब कर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुरेंद्र के शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया सुरेंद्र की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौत

> सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्वालय भेजा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी बाइक सवार अपनी पत्नी को विदा कराने जा रहे थे। पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

चंदनचौकी के गांव रामनगर निवासी पंकज कुमार भारती पुत्र ईश्वर दीन भारती अपनी बाइक से अपनी पत्नी को विदा कराने के लिए पलिया होते हुए संपूर्णानगर जा रहा था। बताया जाता है कि अभी वह संपूर्णानगर रोड स्थित एसएसबी कैंप के आगे बरेली फॉर्म के पास पहुंचा ही था कि उसकी बाइक में सामने से आ रही मुर्गा भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक चालक व उसके पीछे बैठा उसका भाई अमन उछलकर दूर जा गिरा और बाइक चालक पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दूसरे घायल को पलिया सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



# गुड टच, बैड टच के बारे में बच्चों किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** जिले में मिशन शक्ति अभियान के तहत नीमगांव थाना पुलिस द्वारा प्रतिदिन महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं व बलिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी जा रही है। आपको बता दें कि शासन द्वारा बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जीपी शाहा के निर्देशन में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षार्थ थाना नीमगांव में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इसी कड़ी में आज नीमगांव ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में महिलाओं व छात्राओं को नीमगांव थाना पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया।

# जानवर चराने गये बालक की गड्ढे में डूबकर मौत

**उचौलिया खीरी।** बृहस्पतिवार की दोपहर लगभग 3 बजे जानवर चराने गए बालक की गड्ढे में डूब कर मौत हो गई। जिसकी सूचना उसके साथ जानवर चरा रहे दो लोगों ने उसके घर पर जाकर दी। सूचना मिलते परिजन मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला और पसगवॉ सीएचसी लेकर गए। पसगवॉ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनई निवासी अनुज कुमार पुत्र राजकुमार उम्र 15 वर्ष राजन पुत्र नरवीर उम्र 14 वर्ष शोभित पुत्र रामनरेश के साथ दोपहर लगभग 3:00 बजे जानवर चराने के लिए गया था। जानवर चराते चराते वह लोग पानी भरे गहरे गढ्ढे में नहाने लगे। जिनमें से अनुज गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। जिसके बाद उसके साथियों ने घटना की सूचना उसके घर पर जाकर दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर आए और अनुज को बाहर निकाला और उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ लेकर गये। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### खेतों से दो लिस्टर इंजन व एक पम्प सेट चोरी

**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के खेतों से चोरों ने खेतों में लगे तीन इंजन चोरी कर पुलिस को चुनौती दे डाली।पूर्व चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी के चौकी से जाते ही चोर सक्रिय हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार रात को धुरहा निवासी ओम प्रकाश पुत्र नोखेलाल,जमील खां पुत्र सफीउल्ला खां,सर्वेश कुमार पुत्र छोटे लाल बरेठी गोमती नदी क्षेत्र के आस-पास खेत में लगे किसानों के 2 लिस्टर इंजन व एक पम्प सेट चोरी हो गए। किसानो के द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र में बताया गया है किसान सुबह अपने खेत देखने नदी पर गया तो वहां पर इंजन नहीं था किसान ने इधर-उधर देखा वहां पर चार पहिया गाड़ी के टायर नजर आए। किसानो ने घर आकर इंजन चोरी की घटना को परिजनों को बताई। किसानो ने इंजन ढूंढने की बहुत कोशिश की पर कोई भी जानकारी न मिलने पर पीड़ित किसानों ने पुलिस चौकी अमीरनगर को जानकारी दी हैं।

### युवक को गोली मारने वाले को भेजा जेल

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के सुनौरा निवासी आर एस एस पसगवॉ खंड प्रवाह दीपेंद्र दीक्षित के भाई मयंक दीक्षित को गोली मारकर घायल करने वाले पांचो आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि बुधवार की शाम लगभग 7:45 बजे मयंक दीक्षित को हमलावरों में उसे समय गोली मार दी जब वह अपने घर से पसगवॉ आ रहे थे। जिसके बाद घायल अवस्था में वह खुद कार चला कर जैसे तैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ पहुंचे। और उन्होंने घटना की सूचना परिजनों को दी। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया था। हालत में सुधार ना होने पर उनको मेडिकल कॉलेज बरेली ले जाया गया और तब से उनका इलाज वहीं पर हो रहा है।

### मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी में संविदा कर्मचारी, पहले दिन काला फीता बांधकर किया काम

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की लखीमपुर इकाई द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार से आंदोलन में सहभागिता शुरू कर दी गई है। इसके क्रम में शुक्रवार को जिले के समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश भर में एनएचएम के अंतर्गत तैनात कर्मचारी की प्रमुख मांगों को लेकर लगातार शासन व प्रशासन से वार्तालाप किया जा रहा था परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी जब निष्कर्ष नहीं निकला तब प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिलेभर में तैनात एनएचएम संविदा कर्मियों ने शुक्रवार को काला फीता बांधकर कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया है। जिला पुरुष चिकित्सालय में डॉ शिखर बाजपेई और डॉ शिशिर पांडे के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन महंत सिंह व फार्मासिस्ट सहदेव सचान सहित संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# शारदा के निशाने पर कई गांव, नहीं चेता प्रशासन तो मिटेगा वजूद

> सभी कटान पीड़ितो को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया जाएगा

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील गोला क्षेत्र में शारदा के तटवर्टी इलाकों में वर्षों से नदी के कटान का क्रम जारी है। कटान की वजह से बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कोरियाना, चकपुरवा गांव का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। यहां के सभी घर और लगभग सैकड़ों एकड़ भूमि शारदा में समाहित हो चुकी है। अब शारदा नदी भूमि को काटते हुए बझेड़ा,दौलतापुर, दम्मबल टांडा, बेल्हा सिकटिहा, हजूर पुरवा, करसौर,नयापुरवा,बेचेपुरवा, रूरा सुल्तानपुर की तरफ बढ़ रही है। यदि कटान का कहर ऐसे ही जारी रहा तो दर्जनों गांव शारदा की लहरों में समा जाएंगे और आबादी वाले स्थान पर सिर्फ शारदा की लहरें ही दिखाई देंगी। चारों तरफ घर और पेड़-पौधे दिखाई देते थे। इसी बीच मां शारदा ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया और कटान का क्रम शुरू हो गया। खासकर प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में शारदा के जलस्तर में वृद्धि होने पर नदी भूमि को काटते हुए गांव की तरफ बढ़ने लगी थी। धीरे-धीरे यहां हजारों घर एवं सैकड़ों एकड़ भूमि शारदा नदी की लहरों में समाहित हो गई और पूरे गांव का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। अब शारदा नदी कृषि योग्य भूमि और नयापुरवा को काटते हुए करसौर,रूरा सुल्तानपुर ,बेल्हा ,हजूर पुरवा,गुजारा, जौहरा,मेहंदी, सिंघिया फॉर्म, बड़ागांव, बसहा, बझेड़ा,आदि गांवों की तरफ बढ़ रही है ये तराई क्षेत्र के सभी गांव शारदा के निसाने पर है,अगर प्रशासन अभी गंभीर नहीं हुआ तो इन सभी गांव का वजूद मिट जाएगा आने वाले समय में इन गांवों के नाम सिर्फ नक्शे पर ही कागजों पर नजर आएंगे। इससे यहां रहने वालों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। यहां हर दिन शारदा नदी कुछ न कुछ भूमि को अपनी आगोश में ले रही है। लेकिन प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है।

क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश मिश्रा ने बताया उपजिलाधिकारी गोला के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया जिसमे तहसीलदार गोला,चार लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार, एडीओ पंचायत बिजुआ और खंड विकास अधिकारी बिजुआ को भी शामिल किया गया है जो कटान पीड़ितो के हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे कोई भी कटान पीड़ित परेशान न हो सभी को जल्द ही बाढ़ राहत का पैसा मिल जायेगा।सभी कटान पीड़ितो को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया जाएगा और कटान पीड़ितों के विस्थापन के लिए बंधे के पास रहीम नगर ग्रांट में जमीन चिन्हित की गई है,जो लोग वहां पर बसना चाहते हैं वो सूचित करें उनको जगह दी जाएगी।

# कारगिल के शहीदों को शत् शत् नमन, डीएम ने दी श्रद्धांजलि

> डीएम ने खीरी के पांच पराक्रमी कारगिल सैनिकों को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिलेभर में शुक्रवार को 25 वॉ कारगिल शौर्य दिवस को शौर्य दिवस मनाते हुए वीर जवानों को श्रद्धाजंलि दी गई। वहीं कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित शहीद स्मारक में प्रभारी डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया। प्रभारी डीएम/सीडीओ अभिषेक कुमार ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रभारी डीएम अभिषेक कुमार ने कारगिल युद्ध में शामिल पराक्रमी 05 पूर्व सैनिकों (ऑनररी कैप्टन अकरम खान, ऑनररी लेफ्टीनेंट प्रेम कुमार, सुबेदार लखविंदर सिंह, नायक संदीप कुमार, और नायक खगेश्वर प्रसाद) को शील्ड एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। प्रभारी डीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि आज का दिन सिर्फ जीत को याद करने का नहीं है, बल्कि सेना के उन जवानों की वीरता, शौर्य, और अदम्य साहस को याद करने का दिन है... जिनके सजदे में देशवासियों का सिर हमेशा से झुकता आया है।

# संकल्प-एचईडब्लू के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान आयोजित



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव के दिशा निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा 100 दिन कैंपन कार्यक्रम का आयोजन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर महिला केंद्रित विधान सप्ताह के रूप में गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर में प्रधानाचार्य श्री पारसनाथ जी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। बताते चले कि 100 दिन कैंपन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी लखीमपुर खीरी के दिशा निर्देशानुसार गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी में थीम महिला केंद्रित विधान सप्ताह के रूप में मनाया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण ईकाई के काउंसलर कय्यूम जरवानी द्वारा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, विधवा पेंशन योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# वसलीपुर में आयोजित हुआ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम



**बिजुआ खीरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर में आयोजित किया गया। जिसमें तमाम आरएसएस पदाधिकारियों ने अपने विचारों से मौजूद लोगों को संघ के बारे में अवगत कराया। साथ ही कई विषयों पर चर्चाएं की गईं। विकासखंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर में गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवा ध्वज पर पुष्प अर्पित करते हुए बैठक का शुभारंभ किया गया। आयोजन में संघ से जुड़े स्वयंसेवकों की ओर से निधि समर्पण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सामाजिक समरसता प्रमुख राम नरेश ने बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, क्रियाकलाप एवं वर्तमान परिवेश में राष्ट्रीय एवं संपूर्ण विश्व के लिए संघ की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। जिला प्रचारक शिव प्रकाश ने कहा कि सूर्य की लालिमा के प्रतीक के रूप में आरएसएस का भगवा ध्वज शक्ति व समर्पण का भाव उजागर करता है जीवन के कठिन मार्ग को परास्त करने के लिए गुरु का होना अति आवश्यक है। बिना गुरु के मनुष्य दिशाहीन हो जाता है कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह ने भगवा को गुरु के रूप में स्वीकार कर पुष्प अर्पण करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा संघ के मुख्य पर्वों में से एक है।

# बाढ़ की मार से किसानों की आर्थिक कमर टूटी



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कई नदियों से घिरा तराई क्षेत्र का जिला लखीमपुर खीरी जिसमें निघासन, धौराहरा, पलिया प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका सैकड़ों परिवार को गहरी चोट दे जाते हैं।

हालांकि शासन प्रशासन अपने स्तर से बाढ़ से ग्रसित लोगो को राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं ऐसे में पीड़ित जनमानस को क्षेत्रीय अधिकारियों से और भी उम्मीदें जुड़ जाती है। इस बार की बाढ़ ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस बाढ़ की तबाही ने किसानों के अरमानों का गला घोंट दिया है। क्योंकि किसानों की सबसे कीमती और उनके परिवार के भरण पोषण का स्रोत उनकी फसल को बाढ़ ने बर्बाद कर के रख दिया है। ऐसे मे किसानों के चेहरे पर मायूसी और माथे पर चिंता की लकीरें होना लाजमी है।



> क्षेत्र में नए होने के बावजूद भी निघासन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थों व क्षेत्र वासियों की मदद से क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में पहुंचकर लोगों को मदद पहुंचाने का काम किया है। बीडीओ ने बताया कि उनके द्वारा लगभग प्रत्येक गांव का निरीक्षण किया गया और जहां भी लोगों के द्वारा बाढ़ में फंसे होने की जानकारी मिली उनके द्वारा त्वरित पहुंचकर पीड़ितों को रहत सामग्री पहुंचाई गई।



> निघासन के उपजिलाधिकारी रजीव निगम के हाल ही में कार्यभार संभालते ही बाढ़ ने क्षेत्र में दस्तक दे दी। ऐसे में क्षेत्र में शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत जरूरतमंदों तक पहुंचना उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी हालांकि क्षेत्रीय लेखपाल व स्थानीय वासियों की मदद से उनके द्वारा पूरे क्षेत्र को समझा गया। उनके द्वारा भरे पानी में कई बार जाने की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई।



> निघासन में अपने कार्यों से अलग जान पहचान बनाने वाले व अपने सरल स्वभाव वाले तहसीलदार भीमचंद ने भी क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों के ख्याल और देखरेख में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेखपाल के साथ मिलकर बाढ़ पीड़ितों में बाढ़ से पीड़ित किसान की चौपट हुई फसलों का निरीक्षण कर उन तक राहत पहुंचाने का कार्य तहसीलदार ने बखूबी किया। उच्च अधिकारियों और बाढ़ पीड़ितों के बीच की दूरी को कम करने का काम तहसीलदार भीमचंद ने बखूबी किया। क्षेत्र में उनकी भी सराहना लोगों द्वारा की गई।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-745/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 26.07.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02.08.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./ एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 1.50 HP submersible pump at Shahdosi Kabristan, Kadam Rasool Ward, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 2. | Reboring of 1.50 HP submersible pump at Behind Jaliliya Maidan, Kadam Rasool Ward, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 3. | Reboring of 1.50 HP submersible pump at in front of H.No.-537/116 Puraniya Gaon, Mahakavi Jayshankar Prasad Ward Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 4. | Reparing of 1.50 HP submersible pump 07 Nos at different places of Kadam Rasool Ward, Lko. | 3200.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# तकरोही इलाके में डायरिया के 35 मरीज मिले स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

**1580 लोगों का किया चेकअप**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डायरिया का कहर जानलेवा बन चुका है। इंदिरा नगर के तकरोही इलाके में 2 लोगों की मौत के बाद अब स्वास्थ्य विभाग एक्टिव है। शुक्रवार को सुबह से मेडिकल, नगर निगम और जलकल की टीम प्रभावित इलाके पहुंची। यहां 2 दर्जन से ज्यादा लोग उल्टी-दस्त से बीमार हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कैंप लगाकर इलाके में दवा बांटी जा रही है। शुक्रवार को दोबारा जलकल की टीम ने पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इससे पहले गुरुवार को सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे।

नगर निगम की टीम भी साफ-सफाई के साथ गंदगी हटाने के लिए पहुंची है। राजधानी में इससे पहले कल्ली पश्चिम, गजरियन खेड़ा, फैजुल्लागंज और नौबस्ता के बाद तकरोही में डायरिया का अटैक सामने आया है। यहां की मायावती कॉलोनी की 12 साल की छात्रा कायनात को उल्टी, दस्त की शिकायत पर परिवारीजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार देर शाम उसकी मौत हो गई थी। इसी दिन 55 साल की महिला की भी डायरिया से मौत की खबर है। महिला को पहले बाराबंकी के सूर्या अस्पताल में भर्ती किया गया था। बाद में गंभीर हालत में वहां से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। मंगलवार देर शाम अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद से ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था।

# प्रत्येक क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय विकास की नई रणनीति करें तैयार

## बीते 20 दिन में प्रदेश के 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग मुख्यमंत्री ने की विस्तार से समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर विस्तार से समीक्षा बैठक पूरी कर ली है। तकरीबन 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदगण, विधायकगण और एमएलसी सीएम के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं को लेकर उपस्थित हुए।

वहीं मुख्यमंत्री ने भी सभी जनप्रतिनिधियों को धैयपूर्वक सुनते हुए तथा उनकी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय विकास की नई रणनीति तैयार की जाए। 7 जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से शुरू हुई मंडलवार समीक्षा बैठक शुक्रवार को लखनऊ मंडल के साथ समाप्त हो गई है। मंडलवार बैठक में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधिगणों ने खुलकर अपनी बात कही है। वहीं मुख्यमंत्री ने भी विस्तार से सभी की बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। सीएम योगी ने संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधिगण अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क लगातार बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें।



### आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुटें कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री ने इसके अलावा सभी जनप्रतिनिधियों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जुटने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है इस लोकसभा चुनाव में आपके क्षेत्र में हुए मतदान का बारीकी से एनालिसिस करें और इसी के आधार पर अपनी कार्ययोजना तैयार करें। सीएम योगी ने सभी जनप्रतिनिधियों को यह भी कहा कि शासन के लोककल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने में कोई भी अधिकारी हीलाहवाली करे तो उसकी लिखित शिकायत करें, कार्रवाई निश्चित की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पीजीआई थाना क्षेत्र में जनरेटर की बैटरी चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में स्थित 50 बेड आयुष चिकित्सालय में चोरी हो गई। अस्पताल परिसर के अंदर दो डॉक्टरों के कमरे में लगी एसी के आउटडोर सहित जनरेटर का बैट्री तक चोर उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह अस्पताल पहुंचने पर हुई। जब डॉक्टरों ने कमरे में बैठकर एसी चलाई तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि 50 बेड के आयुष चिकित्सालय में चोरी हुई है, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि चोर पीछे की बाउंड्री वॉल से अंदर घुसे और चोरी की वारदात कर भाग निकले। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि अस्पताल के सीएमएस की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव से छात्राओं को जागरूक किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के आलमबाग स्थित गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर विशेषज्ञों ने बताया कि इस बीमारी से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। इसके रोकथाम के लिए लगने वाली वैक्सीन के बारे में जानकारी सभी छात्राओं में साझा की गई। इस दौरान स्त्री रोग और कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर सौम्या गुप्ता ने बताया कि सजगता से कैंसर से बचाव संभव है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि अगर समय पर वैक्सीन लगवा दी जाए तो कैंसर जैसी बीमारी से बच सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नियमित व्यायाम करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अजंता हॉस्पिटल के चीफजनरल मैनेजर केएस ऐबॉट ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मंजीत कौर ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप, पांच पर केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पिपरसंड रोड के पास रहने वाले राजा सोनी ने सुजीत व उसके चार-पांच साथियों के खिलाफ थाने में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजा सोनी का कहना है कि रात करीब 11.45 बजे सुजीत और उसके चार-पांच साथी ऑटो रिक्शा लेकर उसके पास पहुंचे। सभी ने उसका कॉलर पकड़ा और लगभग आधा किलोमीटर तक ऑटो से खींचते हुए ले गए। इससे उसको काफी चोट लगी। आरोप लगाया है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे इतना मारा कि बायां हाथ भी टूट गया। उसके बगल में मौजूद साले संदीप को भी गंभीर चोट आई है। राजा सोनी ने सभी आरोपियों के ऊपर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाते हुए सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सरोजनी नगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र गिरी का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच चल रही है और जो भी दोषी होगा, उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली के खंभे में उतरा करंट, दो गायों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह में विद्युत विभाग व नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण से दो गायों की करंट लगने से मौत हो गई। पूरा मामला स्कूटर इंडिया चौराहे के पास का है। जहां बिजली के खंभे में करंट उतरने के कारण से दो गायों की मौत हुई। मौके पर मौजूद लोगों नाराजगी जताई और कहा कि नगर निगम अगर अपना काम सही से करता तो इन बेजुबान गायों की मौत ना होती। लोगों का कहना है कि चौराहे के पास नाले के किनारे लगे बिजली का खंभा जर्जर था लेकिन इसे नहीं बदला गया।

### महिला की चेन छीनकर भागा चालक, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना इलाके में एक महिला का मंगलसूत्र छीनकर कार चालक फरार हो गया। वो पास के ही एक अस्पताल में दवा लेने आई थी। अस्पताल के बाहर छिनैती की वारदात को अंजाम दिया गया। सीसीटीवी जब्त किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। शुक्रवार की दोपहर करीब एक लखनऊ सीतापुर रोड पर साढामऊ गांव में स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में संजफिया पत्नी जमुना निवासी शाहपुर थाना इटौंजा इलाज के लिए आयी थी । वहीं उसके साथ में गांव की दो अन्य महिला भी आयीं थी। महिला जब अस्पताल के बाहर निकली तो दोनों महिला मेडिकल स्टोर से दव खरीदने चलीं गईं ।घ् तभी के कार वहीं पहुंची। कार चालक ने महिला पूछा कहां जाना है, आओ छोड़ दें। महिला ने इंकार कर दिया। तभी चार पहिया वाहन सवार ने महिला के गले में पड़ा सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गया

### एलयू विधि संकाय में विभागीय प्लेसमेंट सेल का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में आज विभागीय प्लेसमेंट सेल का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन विधि संकाय के हेड और डीन प्रो बी.डी. सिंह एवं न्यू कैंपस के निदेशक, प्रो आरके सिंह के मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर विभागीय प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. भानु प्रताप और सेल के अन्य सदस्य डॉ. सोनाली रॉय, डॉ. नितिन सिंह, और डॉ. आनंद सिंह भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में प्रो. बी.डी. सिंह ने प्लेसमेंट सेल के महत्व के बारे में कहा कि यह सेल छात्रों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। प्रो. आरके सिंह ने कहा कि यह कदम छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। सेल के समन्यवक डॉ. भानु प्रताप और अन्य सदस्यों ने भी सेल के छात्रों को आगामी दिनों में काम करने के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने विधि संकाय की इस पहल की सराहना की। इसके साथ ही उम्मीद जताई कि यह प्लेसमेंट सेल आने वाले समय में छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाने में सफल होगा। इस मौके पर प्लेसमेंट सेल के छात्र समन्वयक सुमित सिंह, उत्कर्ष, ध्रुव, आर्ची, आदित्य, सिद्धांत और अन्य छात्र मौजूद रहे।

### राजकीय-निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। यह आवेदन आईटीआई में नियमित चलने वाले कोर्स तथा टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट http//www.scvtup.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आरटीओ की अव्यवस्था देख भड़की अपर परिवहन आयुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ आरटीओ कार्यालय का अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) ने निरीक्षण किया। इसके बाद खामियां मिलने पर 30 दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। रोज वाहन और डीएल बनवाने के लिए आ रहे लोग परिवहन विभाग में शिकायत कर रहे थे। इस दौरान आईजीआरएस और हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत हो रही थी। निरीक्षण करने के बाद अपर परिवहन आयुक्त, प्रशासन चित्रलेखा सिंह ने शिकायतों पर तुरंत एक्शन लेने को कहा है। मौके पर उन्होंने आरटीओ प्रशासन संजय कुमार तिवारी और एआरटीओ प्रशासन प्रमोद कुमार सिंह को निर्देश दिए। इस दौरान शिकायतों का समाधान नहीं होने सहित अन्य कारणों पर 30 दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान फाइलों के रखरखाव, आरटीओ कार्यालय में सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था और शौचालय की स्थिति देख अपर परिवहन आयुक्त भड़क गई। उन्होंने कहा सख्त लहजे में कहा कि समय पर सभी व्यवस्था दुरूस्त हो जाए। अगर शिकायत आई और लापरवाही बरती गई तो इसके जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) के निरीक्षण के दौरान ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में बाबू एक्टिव दिखे।

# कारगिल युद्ध के दौरान जवानों के शौर्य व साहस का लोहा दुनिया ने माना : योगी

**सीएम ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह को किया संबोधित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रूप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ कर भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा, यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे उनके सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया।

उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है। हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे।




सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

# राज्य कर्मी पुरानी पेंशन व संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए घेरेंगे विधानसभा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के 14 जुलाई के अधिवेशन में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्य सचिव को आंदोलन की नोटिस भेज दिया है। प्रदेश में कर्मचारियों की मांगों की लगातार उपेक्षा हो रही है। संगठनों के पदाधिकारियों को, संगठन एवं शासन हित में काम करने में प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

शासन ने कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक से छूट, प्रति कैलेंडर वर्ष में 7 दिन का विशेष अवकाश, अधिकारियों से मिलने के लिए ड्यूटी आवर्स में शिथिलता दिए जाने के कई आदेश निर्गत किए हैं, लेकिन जनपदों में नियंत्रक अधिकारी संगठनों के पदाधिकारियों को परेशान कर रहे हैं। मुख्य सचिव आदेश जारी कर अधिकारियों से मुलाकात की राह आसान कर रहे हैं ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो और आंदोलन की स्थिति न उत्पन्न हो, दूसरी तरफ नियंत्रक अधिकारी, पदाधिकारियों के अधिकारियों से मिलने पर प्रतिबंध लगाकर उनका वेतन अवरुद्ध कर रहे हैं ताकि टकराव बढ़े। पुरानी पेंशन की बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, आउटसोर्स कर्मचारी के लिए न्यूनतम मानदेय तय किया जाना, वेतन विसंगतियों का निराकरण किया जाना, 18 महीने के फ्रीज महंगाई भत्ते का भुगतान, नगर प्रतिकर भत्ता की बहाली, मुख्य सचिव समिति द्वारा वेतन विसंगतियों पर निर्णय कराया जाना, एनपीएस में 50 फीसदी पेंशन एवं समय-समय पर संशोधित महंगाई भत्ते की गारंटी, ज्वलंत मुद्दे चर्चा में है।

कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों के बढ़ते आक्रोश को प्रशासनिक अधिकारी एवं जनपदों के नियंत्रक अधिकारी हवा दे रहे हैं। समाज कल्याण विभाग में जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के प्रधानाचार्य संगठन के पदाधिकारियों को लगातार परेशान कर रहे हैं।

# जोनवार प्राप्त हुईं 163 आपत्तियों को मौके पर ही हुआ निस्तारण



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर में स्थित भवनों के जी.आई.एस. सर्वे में किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध आपत्तियों के निराकरण के लिए जी.आई.एस. समाधान दिवस का आयोजन लखनऊ नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में किया गया। समाधान दिवस में भवन स्वामियों से जी.आई.एस. द्वारा किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध लिखित आपत्तियां साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो सहित आमंत्रित की गई थी। उक्त जी.आई.एस. समाधान दिवस में सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जी.आई.एस. सर्वे की टीम मौजूद रही। बैठक में उपस्थित महापौर की उपस्थिति में आपत्तिकर्ता आमना खातून, अमीनाबाद रोड, बशीरतगंज-गनेशगंज, आई.डी. 9157ए73873 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 46552 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 9652 रूपये किया गया। आज के समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा की गयी। जहाँ पर महापौर द्वारा स्वयं आगन्तुको की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। आज के समाधान दिवस में जोनवार 163 आपत्तियां प्राप्त हुई जिसमें से सभी 163 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

### लखनऊ में अतिक्रमण-ट्रैफिक को लेकर मेयर ने बुलाई बैठक

**लखनऊ।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान और भिक्षावृति को रोकने के लिए मेयर सुषमा खर्कवाल ने सभी प्रमुख विभागों की बैठक बुलाई है। इस दौरान पुलिस आयुक्त, कमिश्नर, डीएम, एलडीए वीसी, नगर आयुक्त, सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक, क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक, एचएनआई के परियोजना निदेशक, चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग और चीफइंजीनियर लेसा को बुलाया गया है। यह पहली बार ऐसा होगा कि शहर की मेयर ने इतने बड़े स्तर पर बैठक बुलाई गई है। मेयर ने बताया कि वह लखनऊ को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ-साथ ट्रैफिक को बेहतर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जब तक सभी विभागों का संयुक्त प्रयास नहीं होगा तब तक सुधार संभव नहीं है। ऐसे में पहली बार ऐसा हो रहा है कि सभी विभागों की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। मेयर ने कहा कि लखनऊ को बेहतर बनाने कह जिम्मेदारी सबकी है। लेसा कभी भी सड़क की खुदाई कर देता है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग भी कई बार बनी सड़क बना देता है। ऐसे में संयुक्त बैठक जरूरी है।

# दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड हैं केशव : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सांसद और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य पर बड़ा हमला बोला है। सपा मुख्यालय पर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड हैं, और वो दिल्ली का मोहरा हैं। अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गुजरे 10 वर्षों में भाजपा ने कानून व्यवस्था खराब करने का काम किया है।

अखिलेश ने कहा कि मेरे पास ऐसी कई फाइलें हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सभी संस्थाओं और निगमों को समाप्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को धोखा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब हम विपक्ष में रहकर सवाल उठाते थे, तो प्रदेश सरकार हमको कहती थी कि करप्शन को लेकर जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। लेकिन जिस तरह हम सुन रहे हैं कि उनके अपने नेता विधायक ही कह रहे है कि उन्होंने अपने जीवन काल मे ऐसा भ्रष्टाचार नहीं देखा, ये सोचने लायक है। अखिलेश ने कहा कि बलिया के मामले को सपा विधायक संग्राम सिंह विधानसभा में मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि सरकार में



बैठे लोग जिनके पास सम्पर्क और पैसा है वो लोग लखनऊ के सरोजिनी नगर के मामले में खुलासा नहीं होने दे रहे हैं। इसी सरकार में एक आईपीएस कितने दिन फरार रहा,आप सब जानते है, फाइलें भरी पड़ी हैं। अखिलेश यादव ने अग्निवीर योजना को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था को समाजवादी पार्टी कभी स्वीकार नहीं कर सकती, मैं खुद मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हूँ, मेरे कई मित्र सेना में हैं। आप 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते है तो आप नौजवान को फौज की पक्की नौकरी क्यों नहीं दे सकते।

उन्होंने कहा संविधान में आरक्षण मूल भावना है, बीजेपी इसकी मूल भावना से छेड़छाड़ कर रही है। अपने ऊपर अखिलेश यादव की तरफसे दिए गए बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि सपा बहादुर अखिलेश कांग्रेस का मोहरा बन चुके हैं। भाजपा को लेकर गलतफहमी पालने से बचें, सपा को समाप्त होने से बचाने पर ध्यान दें। केशव मौर्य ने लिखा-कमल खिला है खिलेगा, खिलता रहेगा।

### दलितों को गुमराह करना बंद करे भाजपा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को भारतीय जनतण पार्टी (बीजेपी) पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि कांशीराम को भारत रत्न की उपाधि देने की मांग करने की बजाय भाजपा केंद्र की अपनी सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाए। मायावती ने केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश जैसी विशाल आबादी वाले गरीब व पिछड़े राज्य पर बजट में समुचित ध्यान नहीं देने को लेकर भी सवाल उठाया। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्घ्स पर अपने एक संदेश में कहा, श्श्उप्र भाजपा के एक दलित सांसद, बसपा के संस्थापक मान्यवर श्री कांशीराम जी को भारत रत्न की उपाधि देने की मांग करने की बजाय (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसीन अपनी सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाये। इसका बसपा भी दिल से स्वागत करेगी, वरना इसकी आड़ में दलितों को गुमराह करना बंद करें।

### निषाद पार्टी ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लखनऊ।** कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद के सरकारी आवास पर 01 विक्रमादित्य मार्ग पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की कोर कमेटी, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्री निषाद ने महाराज गुह्यराज निषाद विधीवत पूजन से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री निषाद ने बताया कि आज प्रदेश की कोर कमेटी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के लिए दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी जानी आवश्यक होती है तो इसी सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रचार प्रसार के दौरान आ रही परेशानियों को पार्टी फॉर्म पर रखते हैं।


**कार्यक्रम** | **प्रतिभागियों को दिया गया होम-स्टे प्रबंधन का प्रशिक्षण**

# होम-स्टे योजना से ग्रामवासियों को मिलेगा स्वरोजगार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं के ज्ञान और कौशल में संवर्धन करने के उद्देश्य से होम-स्टे में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत युवाओं को आय के बेहतर साधन उपलब्ध हो सके तथा युवा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

होम-स्टे योजना से ग्रामीणवासियों को रोजगार के साथ आमदनी भी प्राप्त होगी और पर्यटन गांव तक पहुंच जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि होम-स्टे योजना के तहत 229 गांवों



को पर्यटन गांवों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां ठहरने की व्यवस्था स्थानीय समुदाय द्वारा होम-स्टे के रूप में प्रदान की जाएगी। जो स्थानीय भ्रमण, स्थानीय व्यंजन, लोक गीत-नृत्य, स्थानीय सांस्कृतिक एवं परंपराओं का अनुभव प्रदान करेंगे। गौरतलब हो कि विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना 'कृषि-ग्रामीण और गंगेय-ग्राम ग्रामीण पर्यटन' के माध्यम से चयनित गांवों के लोगों के लिए अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिससे की स्थानीय स्तर पर ही उद्यमिता विकास किया जा सके। 26 जुलाई को होम-स्टे प्रबंधन 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का समापन सम्पन्न हुआ। जुलाई 22 से 26 तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या, कानपुर, मैनपुरी, आगरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा और कासगंज से 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संचार कौशल, बेसिक कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल संचार, व्यक्तित्व विकास, सौंदर्य मानक, मार्केटिंग, एकाउंटेंसी के बुनियादी कौशल, होम-स्टे से जुड़े नियम-कानून, होमस्टे के कार्यात्मक क्षेत्रों का रखरखाव, सुसज्जित करना, आंतरिक सजावट एवं प्रभावी ढंग से संचालन करना, स्थानीय व्यंजनों, हस्तशिल्प, कलाकृति, स्थानीय तीज-त्यौहार मनाने, बेहतर आतिथ्य सेवा, ग्राहक सेवा रणनीति, स्वच्छता और सुरक्षा आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिससे कि लाभार्थी कुशलतापूर्वक अपने होम-स्टे का संचालन कर आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया एवं सभी को अध्ययन सामग्री, ग्रुप फोटो और जूट बैग के साथ टीशर्ट व किट भी प्रदान की गयी। लखनऊ स्थित होटल प्रबंधन, खान-पान प्रौद्योगिक एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान आईएचएम की फैकल्टी आरके सिंह, पंकज कुमार, प्रसंग अग्रवाल, अनूप कुमार, अंकित दंभरे, प्रकाश निगम और दीप्ति यादव ने प्रशिक्षण दिया गया। कानपुर भीतर गांव से आए लल्लन ने बताया की इस ट्रेनिंग से उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है, जिसे वो अपने होम-स्टे के संचालन में ध्यान रखेंगे। आगरा बटेश्वर से आये अक्षय बाजपेई ने बताया की पहले हमें होम-स्टे के बारे में इतनी जानकारी नहीं थी, यहां आकर बहुत अच्छा लगा, बहुत कुछ नया सीखने को मिला, ट्रेनिंग के दौरान हमें अच्छी व्यवस्था दी गयी इतना मैंने सोचा भी नहीं था।

# विभागीय अधिकारी कर-करेत्तर राजस्व की वसूली में लायें तेजी : आयुक्त

- पांच वर्ष से लम्बित राजस्व वादों का किया जाये निस्तारण : आयुक्त
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की फसलों का सर्वे कराकर दिया जाए मुआवजा : आयुक्त
- बाढ़ आने पर सभी विभाग एक साथ शुरू करें राहत कार्य : आयुक्त

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

विभागीय अधिकारी कर-करेत्तर राजस्व की वसूली में तेजी लायें, जिला प्रशासन का सहयोग लेकर वसूली एवं प्रवर्तन कार्य करें, ताकि वार्षिक लक्ष्य समय से पूरा किया जा सकें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने विभागीय अधिकारियों को दिये है। सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि वसूली के लिए क्षेत्र में जाने पर संबंधित एसडीएम तथा पुलिस को अवश्य सूचित करें ताकि मौके पर कानून व्यवस्था किसी प्रकार प्रभावित ना हों। विद्युत विभाग गांव-गांव कैंप लगाकर बिजली बिल की वसूली करायें तथा उपभोक्ता का बिल गलत होने पर उसे सही करें।

उन्होने निर्देश दिया कि किसी भी मामले में एक पक्षीय निर्णय ना लें



तथा दोनों पक्षों को समान रूप से सुनवाई का मौका दें। स्टाम्प वादों के निस्तारण में कानूनसम्मत आदेश पालन करने का निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आर्डर की जॉच अवश्य की जाय।

आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी प्रवर्तन कार्य में तेजी लाकर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करायें। शासन ने जो लक्ष्य दिया है उसके सापेक्ष प्रतिमाह वसूली करायें। इसमें कोई विभाग लापरवाही ना बरते अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बड़े-बड़े बकायेदारों से आरसी की वसूली तहसील प्रशासन के सहयोग से कराई जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि वह दाखिला दिवस पर अमीनो के साथ जाकर आरसी की वसूली करायें। उन्होंने स्टांप का सत्यापन क्रेता की उपस्थिति में करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने न्यायालय में लंबित पड़े राजस्व वादों को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष से लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। अधिकारी न्यायालय में बैठकर सभी पक्षों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

### फसलों का हो सर्वे, दवाओं का हो छिड़काव

इसके अलावा उन्होंने बाढ़ राहत कार्यों की मंडलीय समीक्षा। कमिश्नर ने सभी डीएम से बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। बलरामपुर डीएम से बाढ़ की जानकारी ली जिस पर उन्होंने बताया कि जनपद में बाढ़ की स्थिति सामान्य है जलस्तर काफी घट गया है। कमिश्नर ने सभी डीएम को अपनी पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ आई है वहां पर फसलों का सर्वे कराकर संबंधित को मुआवजा दिया जाए एवं दवाओं का छिड़काव कराया जाए। इसके अलावा उन्होंने शासन स्तर से प्राप्त होने वाले पत्र व आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त, गोंडा डीएम सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में अनुपस्थित रहे चार अधिकारियों को जिलाधिकारी ने जारी किया नोटिस




- बीएसए, डीआईओएस समेत चार अधिकारियों से जवाब तलब

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के चार जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डीएम की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में अनुपस्थित रहने पर यह कार्यवाही की गई है। इस चौपाल का आयोजन हलधरमऊ ब्लॉक में किया गया था। इन चार अधिकारियों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचन्द्र, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग जेबी सिंह और अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 2 वीके त्रिपाठी शामिल हैं। इन अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल में अनुपस्थित होने के संबंध में पूर्व में भी किसी प्रकार की जानकारी प्रदान नहीं की गई थी।

गांव की समस्या का गांव में ही समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी नेहा शर्मा की ओर से जनपद में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित इन ग्राम चौपालों में सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। ताकि, चौपाल के दौरान ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शुक्रवार को विकासखंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत- बालपुर हजारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत हरसिंहपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत चौरी कम्पोजिट विद्यालय, ग्राम पंचायत गुरसड़ा कम्पोजिट विद्यालय तथा ग्राम पंचायत कोंचा कासिमपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया था। इसमें, अनुपस्थित चार जिला स्तरीय अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। बिना सूचना के अनुपस्थिति खेदजनक है। सभी संबंधित अधिकारियों से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## कथा के चौथे दिन भगवान गणेश जन्म की लीला का हुआ वर्णन



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** बड़गांव स्थित शारदा मैरिज लान में चल रहे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं शिव महापुराण कथा के चौथे दिन में कथावाचक रविशंकर महाराज ने भक्तों को भगवान गणेश के जन्म की कथा श्रवण कराई। कथा श्रवण करने के दौरान पूरा पंडाल शिव भक्ति में लीन रहा। चारों तरफ हर हर महादेव, घर घर महादेव के नारे गुंजायमान रहे। महापुराण के चौथे दिन धूमधाम से गणेश जन्म का उत्सव मनाया गया। गणेश जी की झांकी व नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई। डांडिया नृत्य की प्रस्तुति भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। शिवा शुक्ला व राघव अपनी म्यूजिकल टीम के साथ भजनों की गंगा की निर्मल धारा प्रवाह करते रहे। शिव भजन व गणेश भजन सुनकर पंडाल में मौजूद भक्त भाव विभोर होकर झूमने लगे। गणेश जन्म उत्सव के दौरान मुख्य यजमान संतोष सोनी व आरती सोनी ने गणेश जी का आशिर्वाद प्राप्त कर सुख समृद्धि के लिए मनोकामना मांगी। इस कार्यक्रम का आयोजन मंडलीय प्रभारी संदीप मेहरोत्रा की अध्यक्षता में किया गया है। कार्यक्रम में दीपक मराठा, अमित सोनी,रवि सोनी,दीपेंद्र मिश्रा, शिव शंकर सोनी, राम शंकर कसौंधन, रमेश गुप्ता,समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# धरना देते समय गठबंधन धर्म का पालन न करते हुए सपा नेता ने मारी कांग्रेसी नेता को ठोकर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बिजली, पानी व टैक्सी स्टैंड के नाम पर की जा रही अवैध वसूली सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर गुरूवार को कांग्रेसियों ने अंबेडकर चौराहे पर लखनऊ-गोण्डा मार्ग पूरी तरह जाम कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे सपा नेता पूर्व एमएलसी महफूज खां ने अपने वाहन को जाने देने के लिए कहा लेकिन कांग्रेसी घेरा बनाकर पूरी सड़क जाम किए रहे और वे टस से मस नहीं हुए। इस पर महफूज खां आपा खो बैठे और उन्होंने गुस्से से लाल होते हुए दलित नेता व अधिवक्ता ओमप्रकाश को धक्का दे दिया।

दरअसल, गुरूवार को जनसमस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस



अध्यक्ष रफीक रैनी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। अम्बेडकर चौराहे पर कांग्रेसियों ने गोण्डा-लखनऊ मार्ग जाम कर दिया। इसी बीच वहां समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी महफूज खां पहुंच गए और उन्होंने गठबंधन दल का होने का हवाला देते हुए अपने वाहन को जाने देने के लिए कहा लेकिन घेरा बनाकर सड़क को पूरी तरह बंद कर चुके कांग्रेसी टस से मस नहीं हुए। इस पर महफूज खां भड़क गए। तमतमाते हुए उन्होंने गुस्से में कहा कि होश में रहिए। हम गठबंधन दल के नेता हैं। आप लोग पहचान नहीं रहे हैं। इतना ही नहीं, हद तो तब हो गई जब महफूज खां ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता ओमप्रकाश को गुस्से से लाल होते हुए धक्का दे दिया। गनीमत रही कि बगल में कार खड़ी थी जिसके बोनट का ओमप्रकाश ने सहारा ले लिया और गिरने से बच गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस संबंध में कांग्रेस के दलित नेता ओमप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोई मामला नहीं है। सड़क जाम के दौरान महफूज खां की भी गाड़ी रोक ली गई थी। उनसे कहा कि आप भी इंडिया गठबंधन में हैं।

## शाल भेंटकर सम्मानित किए गए कैप्टन विजय कुमार सिंह



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय गोण्डा के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में ग्रुप कैप्टन सौरभ टंडन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गोंडा द्वारा शुक्रवार को समारोह का आयोजन किया गया। प्रांगण में बने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण करके व मौन रखकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई उसके बाद कारगिल युद्ध में घायल लांस नायक विजय कुमार सिंह को उपहार स्वरूप साल भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही वहां पर उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध के विभिन्न अनुभव का वर्णन किया गया वहां पर बैठे पूर्व सैनिकों ने देशभक्ति के गीतों को सुनाकर समारोह को आनंदमय बनाया। सभी लोगों को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी कराई गई समारोह के अंत में सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा उपस्थित वीर सैनिकों को धन्यवाद व्यापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### सरयू ड्रेनेज खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता की खाली कुर्सी बयां कर रही है नौकरी करने का तरीका

- समृद्धि न्यूज की पड़ताल में ऑफिस में है तो कुल 44 कर्मी किंतु नजर आए मुश्किल से दर्जन भर




**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अभियंता के चेंबर में एसी का हवा खा रहे कुछ कर्मियों से पूछा गया तो उन्होंने कहा साहब रूम पर गए हैं। सरकार के मन्सूबे पर पानी फेर रहे कुछ अधिकारी जबकि प्रदेश के मुखिया योगी सरकार का कहना है की अधिकारी व कर्मचारी समय से आफिस आये और जाए लेकिन विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरयू ड्रेनेज खण्ड प्रथम गोन्डा के अधिकारियों और कर्मचारियों के आने और जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। कार्यालय में लगभग 44 जिम्मेदार कर्मचारी है।वहीं इसकी पड़ताल करने जब कई मीडियाकर्मी 26/07/2024 समय 3 बजकर 36 मिनट पर अधिशाषी अभियंता सरयू ड्रेनेज खण्ड प्रथम गोन्डा के आफिस में पहुंचे तो साहब नहीं मिले कुछ कर्मचारी अन्दर बैठे थे पूछने पर कुछ न बताते हुए दबी आवाज में कहा साहब रूम पर है। अधिशाषी अभियंता सरयू ड्रेनेज खण्ड प्रथम गोन्डा संजीव कुमार से दूरभाष पर जानकारी की गई तो कहा की हम काम से है।इससे प्रतीत हो रहा है की योगी सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभाने में आनाकानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### मानस मंगल दल सेवा समिति के बैनर तले बाल सामाजिक कार्यकर्ता संघ ने किया पौधरोपण



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत मानस मंगल दल सेवा समिति के बैनर तले बाल सामाजिक कार्यकर्ता संघ मनकापुर द्वारा वृहत वृक्षारोपण अभियान चलाया जिसमें औषधिय, छायादार, फलदार एवं पर्यावरणीय महत्वपूर्ण पेड़ लगाए गए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मनकापुर, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र आईटीआई नई बस्ती, किशुनदासपुर पोखरा, चौहानपुर एवं अन्य स्थलों पर पौधे रोपे गए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मनकापुर की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत बड़े उत्साह के साथ विद्यालय परिषद एवं बाउंड्री के बाहर पौधा रोपण किया एवं वृक्ष बचाने का संकल्प लिया। पीआरडी जवान हरिदत्त मिश्रा, सहदेव एवं अन्य ने इस कार्यक्रम में पौधारोपण किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन अंजु जयसवाल, शिक्षिका रेनू यादव, अनुपमा सिंह, अलका, नेहा यादव, सहायक जितेंद्र चौबे, रामलली पांडे, अंजू पांडे, विद्यालय की छात्राएं नंदिनी, अर्चना, नेहा, अंशिका, ज्योति, रोशनी, साधना, अपूर्व, श्वेता मिश्रा, कोमल मिश्रा, अर्चना मिश्रा, शिवा प्रियदर्शनी, दिव्यदर्शनी, अंकित, कृष्णा, जीशान, शोएब, प्रमोद, रविशंकर आदि ने एक पेड़ मां के नाम लगाया। इस अवसर पर मानस मंगल दल के अध्यक्ष आर के नारद ने कहा वृक्ष हमारे जीवन को निरोग बनाते हैं, हर व्यक्ति को वृक्षारोपण का पुनीत का करना चाहिए। वृक्ष हमें भयंकर बीमारियों से बचाते हैं, वृक्ष हम सब के सच्चे मित्र हैं।

# कोचिंग के आड़ में चल रहे अवैध विद्यालय

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

**शिक्षा विभाग कर रहा अनदेखी**

विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज में बिना मान्यता के कई स्कूल का संचालन कर सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। सिस्टम की लाचारी कहें या फिर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत, कारण चाहे कुछ भी हो। लेकिन सच्चाई यहीं है कि नियमों को ताक पर रखकर स्कूल संचालक अपनी रोटी सेंक रहे है। कुछ स्कूल कोचिंग सेंटर की आड़ में अपने अवैध स्कूल का संचालन कर रहे। जबकि कोचिंग सेंटर में सिर्फ 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का दाखिला लेने का प्राविधान है। कोचिंग सेंटर के लिए समय सीमा भी उत्तर प्रदेश कोचिंग अधिनियम में निर्धारित कर दी गई है। क्षेत्र के लक्खाराम पुर,चंद्रवा ,बालापुर समेत लगभग आधा दर्जन अवैध स्कूल व मदरसा संचालित है। शिक्षा विभाग भी दिखावे के लिए सिर्फ कागजों में कार्रवाई करता हुआ दिखाई दे रहा हैं। जबकि शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ हैं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष द्वारा बात की गई तो उन्होंने बताया कि लेटर जारी करवाया गया है और सभी खण्ड शिक्षा अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है कि जांच करके रिपोर्ट दें कि हमारे क्षेत्र में कोई गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय नहीं चल रहा है,अगर तत्काल में कोई भी विद्यालय चलता पाया गया तो विद्यालय पर कार्रवाई तो की ही जायेगी,साथ में खण्ड शिक्षा अधिकारी के ऊपर भी विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी।

## वीर इंटर कालेज के मिड डे मील में मिला कीड़ा, नौनिहालों में मचा हड़कंप

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज के धनुही में स्थित वीर इंटर कालेज में उस समय खलबली



मच गई। जब मीडिया के रियल्टी चेकिंग में बच्चों को दिए जाने वाले दोपहर के भोजन में कीड़े व मक्खियां दिखाई पड़ी।कीड़े निकलने से विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। जहां एक तरफ सरकार की मंशा है कि नौनिहालों को दोपहर में शुद्ध व पौष्टिक पका पकाया भोजन देकर उनके शिक्षा के साथ साथ सेहद को भी विकसित किया जाय,वही विद्यालय अपने रसोई की साफ सफाई की व्यवस्था ठीक से न करके नौनिहालों को कीड़े वाला भोजन कराकर उन्हें बीमारी के रास्ते पर ले जा रहा है।

# स्टे के बाद भी ग्रामीण की जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने बनवा लिया मकान



- मूकदर्शक बनी रही पुलिस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के मैना नेवरिया गांव निवासी ग्रामीण की जमीन पर स्टे के बाद भी रात में पुलिस की मौजूदगी में निर्माण हो गया। अब न्याय के लिए पूरे परिवार के महिला और पुरुष कलेक्ट्रेट में धरना दे रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम और तहसीलदार के सामने पीड़ित महिला व्यथा बताते हुए बेहोश हो गई। लेकिन सिर्फ पैमाईश का आश्वासन दिया जा रहा है। सभी कलेक्ट्रेट में धरना देकर कब्जा हटवाए जाने की मांग कर रहे हैं।नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मैना नेवरिया राम सरन झगरु कि गांव में गाटा संख्या 298 पर रकबा 0.0360 हेक्टेयर की जमीन है। इस जमीन के कागजात भी राम सरन के नाम है। इसके बाद भी समुदाय विशेष के शकील, जाकिर और कमर जहां कब्ज़ा करना चाहते थे। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ग्रामीण ने सिविल जज के यहां बाद दायर कर स्टे ले लिया। जिसके कागजात भी वकील के द्वारा तहसील और कोतवाली पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए। इसके बाद भी समुदाय विशेष के लोग नहीं माने सभी ने 10 दिन पूर्व दबंगई के बल पर रात में पक्का निर्माण करवा दिया। इसकी सूचना परिवार के लोगों ने कोतवाली पुलिस और तहसील को दी। परिजनों

### एसडीएम और तहसीलदार करेंगे फैसला

कोतवाली क्षेत्र के मैना देवरिया गांव में कब्जे को लेकर ग्रामीण धरना दे रहे हैं इसकी जानकारी हुई है एसडीएम और तहसीलदार शुक्रवार को कलेक्ट्रेट भी गए, उनके द्वारा ही परिवार को न्याय दिया जाएगा।

**प्रदीप सिंह नानपारा कोतवाल**

का कहना है कि पुलिस आई लेकिन निर्माण नहीं रुकवाया, बल्कि वह मूकदर्शक बनी देखती रही। जिसके चलते कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए दबंगों ने पक्का निर्माण करवा लिया। एसडीएम और कोतवाली पुलिस से न्याय न मिलता देख सभी कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए। शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक लोग धरने पर बैठे न्याय की मांग करते रहे। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम नानपारा अश्विनी कुमार पांडेय और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। सभी ने पैमाइश की बात कहते हुए धरना समाप्त करने की बात कही लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि गाटा संख्या 298, 97 और 96 की पक्की पैमाईश की जाए। जिससे सभी को न्याय मिल सके। इसी दौरान एसडीएम को पीड़ा बताते हुए महिला धूप में बेहोश हो गई। सभी का कहना है कि जब तक मकान नहीं टूटेगा, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। इस मामले में एसडीएम अश्विनी पांडेय को सीयूजी नंबर पर दो बार लगातार फोन लगाया गया, लेकिन घंटी बजती रही, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, चालक घायल

**अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सड़क हादसे हो गए। जिसमें महिला समेत दो की मौत हो गई। जबकि मैजिक चालक घायल हो गया। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रावस्ती जिले के गिलौना थाना क्षेत्र के शिव बालकपुरवा गांव निवासी त्रिलोकी प्रसाद (45) पुत्र जमुना प्रसाद मैजिक वाहन से बृहस्पतिवार को हुजूरपुर होते हुए लखनऊ जा रहे थे।दोपहर में 3:00 बजे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में मैजिक चालक जगदीश नियंत्रण खो बैठा और वह लखनऊ की ओर से आ रही ट्रक में जा भिड़ा। हादसे में त्रिलोकी प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उधर सीतापुर जिले के रेउसा थाना क्षेत्र के रामवापुर के मजरा कालिका सिंह गांव निवासी ममता अपने पति पिंकू के साथ दवा लेने के लिए बाइक से गई थी। इसके बाद वह बाइक से वापस अपने घर आ रही थी बहराइच सीतापुर मार्ग पर स्कूली बस में बाइक में टक्कर मार दी। जिससे ममता गंभीर रूप से घायल हो गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने महिला को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में रात आठ बजे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मैजिक वाहन को कब्जे में ले लिया गया है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# मानदेय बढ़ोतरी को लेकर इंटर्नशिप चिकित्सकों ने निकाला कैंडल मार्च, सभी ने प्राचार्य को दिया ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

महाराजा सुहेलदेव स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों ने बुधवार की रात में मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए कैंडिल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें काफी संख्या में एमबीबीएस छात्र भी शामिल हुए।राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच के चिकित्सकों ने गुरुवार रात को मेडिकल कॉलेज गेट पर कैंडिल मार्च निकाला।

प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि एक वर्ष के इंटर्नशिप के दौरान प्रदेश सरकार युवा चिकित्सकों को महज 12000 रुपए मासिक भत्ता




दे रही है, यह काफी कम है। मेडिकल कॉलेज में इस समय वर्ष 2019 बैच के 100 युवा चिकित्सक इंटर्नशिप कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि देश के कई राज्यों में इससे कहीं ज्यादा मानदेय दिया जाता है। कई राज्यों में इंटर्नशिप कर रहे चिकित्सकों को 32000 रुपए तक मासिक भत्ता दिया जाता है। ऐसे में प्रदेश सरकार यहां भी मानदेय बढ़ोतरी कर इंटरशिप चिकित्सकों को लाभ दे।

इस प्रदर्शन के दौरान वर्ष 2020, 2021 और 2022 बैच के एमबीबीएस छात्र भी शामिल हुए। कैंडल मार्च के बाद सभी ने प्राचार्य डॉ संजय खत्री को ज्ञापन दिया।

# कारगिल विजय दिवस पर सम्मानित हुई शहीद सैनिक की पत्नी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल के शहीद सूबेदार बलिकरन सिंह के चित्र पर मल्यार्पण कर भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् शहीद सैनिक की धर्मपत्नी श्रीमती फूलपती को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि माह मई-जून 1999 में बर्फीली पहाड़ियों पर कारगिल का युद्ध लड़ा गया था। इस युद्ध में जहां हमारे राजनीतिक, कूटनीतिक और प्रशासनिक तंत्र ने अपनी-अपनी



अहम भूमिका निभाई, वहीं सशस्त्र सेनाओं ने एक सुनियोजित संयुक्त अभियान में पाकिस्तान के नापाक इरादों को धराशायी करने में सफलता हासिल की। इस अवसर पर शहीद सैनिक का परिवार व अन्य पूर्व सैनिक सहित कार्यालय के वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्त, जगदम्बा प्रसाद एवं नरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# गेरूआ नदी में सिल्ट जमा होने से जलीय जीवों के जीवन पर संकट

- सांसद ने पत्र सौंप कर सिल्ट सफाई की उठाई मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग में स्थित गेरुआ नदी में नेपाल से बहकर आया सिल्ट जमा हो गया है। इसके चलते जलीय जीवों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है। नदी में पानी निकासी खराब होने पर बाढ़ की स्थिति भी बन रही है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जंगल के बीच में ही गेरुआ और कौड़ियाला नदी है। इस नदी में दुर्लभ जलीय जीव पाए जाते हैं। इनमें



डॉल्फिन घड़ियाल, मगरमच्छ और कछुआ शामिल है।

नदी के आसपास बेहतर प्राकृतिक वास होने के चलते प्रवासी पक्षियों का भी डेरा रहता है। लेकिन नेपाल से आने वाली सिल्ट बैराज के होने के चलते गेरुआ नदी में जमा हो जाती है। नदी में सिल्ट जमा होने के चलते जलीय जीवों के जीवन पर संकट आ गया है।लेकिन वन विभाग या अन्य किसी के द्वारा गेरुआ नदी में जमे सिल्ट की सफाई नहीं करवाई जा रही है। इसको देखते हुए बहराइच सांसद डॉक्टर आनंद कुमार ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री को पत्र देकर नदी के सिल्ट की सफाई की मांग की है। उनका कहना है कि सेंट सफाई से जलीय जीवों की स्थिति बेहतर हो जाएगी। साथ ही गेरुआ नदी अपने पुराने स्थिति में आ जाएगी।

### बाढ़ भी उत्पन्न कर रही सिल्ट

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव में स्थित गेरुआ नदी में नेपाल से आने वाला सीट गिरिजापुरी बैराज के चलते आगे नहीं जा पता है। जिसके चलते पानी के निकासी भी नहीं हो पा रही है। यही पानी नदियों को उफान पर लाकर बाढ़ में परिवर्तित हो जाता है। इसका खमियाजा जनता को उठाना पड़ता है।

### टोल प्लाजा का भी उठाया मुद्दा

सांसद डॉक्टर आनंद कुमार ने नगर पालिका परिषद में स्थित टोल प्लाजा का मुद्दा सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उठाया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में आसाम रोड पर स्थित टोल प्लाजा से शहर और उसके आसपास से आने जाने वाले लोगों को बार-बार टोल टैक्स देना पड़ता है ऐसे में इसे डेढ़ किलोमीटर दूर या पहले स्थापित किया जाए, जिससे आम लोगों को समस्या न हो।

# एसपी ने परेड की ली सलामी व परेड का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के



उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया । एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दरीबा-कठगर मार्ग के निर्माण में छत्तीसगढ़ की कंपनी ने की धांधली!

# एक महीने में ही टूट गई सडक़, बारिश में जगह-जगह धंसी सड़क की पटरी

- कार्य की निगरानी में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के इंजीनियरों की फौज ने भी दिखाई उदासीनता






**रायबरेल, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के दरीबा से कठगर तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना से बनाई जा रही सडक़ भयंकर भ्रष्टाचार की शिकार है। 14.10 किमी लंबे इस मार्ग का निर्माण करीब डेढ़ साल पहले जिस शैलेन्द्र बहादुर सिंह इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था उसे निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुधारने तथा कार्य में तेजी लाने के लिए कई बार हिदायतें दी गयी हैं, लेकिन न तो सरकारी मानक के अनुरूप कार्य हुआ है और न ही गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। यह दीगर बात कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने अपने छोटे-बड़े इंजीनियरों की एक बड़ी फौज इस कार्य की निगरानी के लिए तैनात कर रखी थी, मगर उसे खामियां नहीं दिखाई पड़ी। लगभग 15 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत लगाकर बनाये गए इस मार्ग की हालत दयनीय हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के रायपुर की जिस शैलेन्द्र बहादुर सिंह इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को यह काम दिया गया है उसने मानको के साथ बड़ा खेल किया है। बारिश में नवनिर्मित सडक़ का किनारा जगह-जगह इस कदर धंस गया है कि कभी भीर बड़ा हादसा हो सकता है।

> मैं अभी जल्दी आया हूं, मुझे पूरी जानकारी नहीं मिली हैं, मगर सडक़ निर्माण में अगर अनियमितता हुई है तो उसकी जांच कराकर संबंधित कंपनी पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **कृष्ण कुमार मिश्रा, एक्सईएन**
> **ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, रायबरेली।**

उल्लेखनीय है कि जब दरीबा से कठगर तक के इस मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिली थी तो तमाम नेताओं ने इसे अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताकर लोगों की सहानुभूति लूटने की पूरी कोशिश की, लेकिन खेद जन्य है कि सडक़ बन जाने के बाद से अब तक किसी नेता ने इस मार्ग से रूबरू होने वाले लोगों की दिक्कतों को समझने, मार्ग निर्माण में हुई धांधली, की गई हीलाहवाली व बरती गई लापरवाही के खिलाफ आवाज नहीं उठायी। 14.10 किमी लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए 1593.94 लाख की लागत रखी गई। कार्य की शुरूआत 26.12.2022 से हुई और समाप्त करने की तारीख 26.12.2023 तय की गई। तय समय सीमा में कार्य का निर्माण नहीं पूरा किया गया। इस मार्ग से तकरीबन एक हजार दैनिक यात्री हर रोज अपनी जिला मुख्यालय आते जाते हैं। एक जानकारी के मुताबिक मार्ग पर काम शुरू होने के बाद से अब तक लगभग एक दर्जन छोटी-बड़ी घटनायें घट चुकी हैं।

सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी के विरुद्ध निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग और मानकों की अवहेलना करने का आरोप है। ग्रामीणों ने भी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ की कंपनी ने सिस्टम के तहत यहां टेंडर लिया है। उसने कार्य इतना खराब किया है कि उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया जाना चाहिए।

### ठेकेदार ने दी थी पार्टी

अभी कुछ दिन पूर्व ही सडक़ का निर्माण पूरा होने की खुशी में ठेकेदार ने एक पार्टी का आयोजन किया था। ताकि सडक़ निर्माण में हुई धांधली की पोल न खुलने पाए। सडक़ जिस तरह से टूट गई, उससे साफ है कि निर्माण में धांधली की गई है। वैसे भ्रष्टाचार सामने आने के बाद हडक़ंप मचा हुआ है।

## बीजेपी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनीता पर जमीन कब्जा करने का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




बीजेपी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भाजपा नेताओं को जमीन के मामलों से दूर रहने के निर्देश के बाद भी जिलों के पदाधिकारीयो पर कोई प्रभाव नही पड़ रहा है। ताजा मामला रायबरेली का है जहाँ बीजेपी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनीता श्रीवास्तव पर फर्जी तरीके से जमीन के कागजात तैयार करके उस जमीन पर कब्जा करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

मामला भदोखर थाना क्षेत्र के भदोखर गाँव का है जहाँ के ग्राम प्रधान की सुलखियापुर में कीमती जमीन है। प्रधान और उसके परिवार का राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज है और वो उस जमीन का उपयोग कर रहा है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि अनीता श्रीवास्तव ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर उस जमीन के फर्जी कागजात तैयार करवाये और अपने पति से विपक्षीयो के बीच जमीन का एग्रीमेंट करवा लिया। फर्जी कागजात तैयार कर जमीन पर कब्जा करने के इरादे से दबंगो ने पीड़ितों की जमकर पिटाई कर दी जिसका मामला भदोखर थाने में दर्ज है। पीड़ितों ने आज इस मामले में डीएम को शिकायतों पत्र देकर मामले की जाँच करवाने और उनकी जमीन के फर्जी कागजात तैयार करवाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की माँग की।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से युवक की हालत नाजुक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के रामपुर मजरे नीमटीकर गांव में गुरुवार रात अपने घर में सो रहे अंशुल पांडेय पुत्र सुनील पांडेय उम्र लगभग 17 वर्ष को किसी विषैले सर्प ने डंस लिया है। तबीयत बिगड़ती देख परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुँचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों की माने तो उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदियों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा–निर्देशन में आज दिनांक 26.07.2024 को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी हेतु विशेष लोक अदालत जेल का आयोजन किया गया। उक्त जेल लोक अदालत को सम्पादित किये जाने हेतु प्रथम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोद कंठ को नामित किया गया। अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि जेल प्रशासन द्वारा विशेष लोक अदालत जेल हेतु चिन्हित किये गये कुल 6 बन्दियों के 9 वादों पर नामित मजिस्ट्रेट अमोद कंठ के द्वारा सम्यक विचारोपरांत 1 बन्दी के वाद को निस्तारित किया गया। इसके अतिरिक्त अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा जिला कारागार में स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी तान्या शर्मा उपस्थित रही।

### बाइक सवार ने साइकिल सवारों को मारी टक्कर, दो घायल एवं बाइक सवार की मौत

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार होने के चलते बाइक सवार ने साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, हादसे में दो युवक घायल एवं बाइक सवार युवक की हुई घटनास्थल पर ही मौतद्य घटना दिनांक 25 जुलाई की देर रात 9-30 बजे की है। बछरावां मौरावा मार्ग पर खालेगांव के निकट बाइक सवार युवक विक्रांत पुत्र कैलाश नाथ उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सरौरा अपनी बाइक से बछरावां की ओर जा रहा था। वही साइकिल में सवार दो युवक अचले पुत्र रामेश्वर उम्र 35 वर्ष एवं महेश पुत्र घनश्याम उम्र 30 वर्ष निवासी गण शेखपुर समोधा की साइकिल में बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार सड़क पर गिरने के कारण सिर में गंभीर चोट होने के चलते मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से उसे बछरावां अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने युवक विक्रांत को मृत घोषित कर दिया। वही साइकिल सवार दोनों घायल युवकों को आसपास के लोगों के द्वारा एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया। घटना की जानकारी पारिवारिक जनों को दी गई। मौके पर पहुंचे पारिवारिक जनों का रो–रो कर बुरा हाल है। तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है परिजनों की तहरीर पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की अज्ञात वाहन से टक्कर, मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लकड़ी मंडी में बांदा बहराइच राजमार्ग पर एसजीएस पब्लिक स्कूल के ठीक सामने मोटरसाइकिल सवार युवक की आगे जा रहे अज्ञात वाहन में भिडने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक रिंकू पुत्र श्यामलाल उम्र 25 वर्ष निवासी ठकुराइन खेड़ा, सुदौली थाना बछरावा अपनी बाइक से जा रहा था। तभी अपने आगे चल रहे अज्ञात वाहन से भिड़ गया। जिससे सर में चोट लगने पर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को चिकित्सीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है पारिवारिक जनों को सूचना दे दी गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### हेंडवाल विधा चयन प्रक्रिया 29, 30 जुलाई को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र सैफई में 29 व 30 जुलाई को आवासीय छात्रावास में हैंडवाल विधा (बालक वर्ग) के लिए चयन प्रक्रिया की जानी है। जिसकी आयु सीमा 12 से 18 वर्ष रखी गई है। केंद्र प्रभारी विमलेश यादव ने बताया कि चयन प्रक्रिया का समय 29 जुलाई को 7 से 9 बजे तक मास्टर चंदगीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में रखा गया है। चयन हेतु आने वाले बच्चे अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज चार फोटो, स्कूल के चरित्र प्रमाण पत्र, शासकीय मेडीकल प्रमाण पत्र, शिक्षा संस्थान द्वारा शैक्षणिक प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

## पीड़ित ने लगाई एसडीएम से न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रामबरन पुत्र राममिलन निवासी ग्राम लोनार मंज़रे नारायनपुर थाना शिवगढ़ परगना बछरावां तहसील महराजगंज ने एसडीएम राजित राम गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जग प्रसाद पुत्र राम औतार निवासी ग्राम नारायनपुर थाना शिवगढ़ ने नवीन परती व तालाब की गाटा संख्या 369 / 0. 26 हेक्टेयर पर प्रतिपक्षी ने अवैध रूप से मकान बना लिया जिसकी शिकायत दिनांक 25.9 .2023 को हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार मकान अवैध पाया गया जिससे प्रतिपक्षी के खिलाफ वाद अं धारा 67 (1) अंतर्गत कार्रवाई की गई है लेकिन आज तक प्रतिपक्षी का मकान की कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे न्याय हित में अवैध मकान गिराया जाना अति आवश्यक है। रामबरन ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई।

# प्रमुख सचिव ने किया तहसील का औचक निरीक्षण

- अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लोकसभा चुनाव के बाद अफसरों के पेच कस दिए हैं । जिले में क्या हो रहा है इसकी मॉनिटरिंग खुद करा रहे है। अपने अफसरों को भेज कर अचानक तहसीलों में टाल मटोल की नीति अपनाने वाले अफसरों की अब खैर नहीं। सीएम योगी आदित्यनाथ के अफसर अब खुद तहसीलों में जाकर फाइलों पर कुंडली मार कर बैठे अफसरों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरुप्रसाद ने देर रात रायबरेली की सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया तो यहां हड़कंप मच गया।

जिला अधिकारी हर्षिता माथुर, एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, एसडीएम सदर मिथलेश त्रिपाठी सहित राजस्व कर्मी में भगदड़ मच गई ।

अपर मुख्य सचिव ने सबसे पहले राजस्व मामले की किसानों से जुड़ी फाइलों के बारे में जानकारी ली। धारा अस्सी और हथबरारी जैसी वाद निस्तारण जैसे दूध देने वाली फाइलों को खंगाला जाने लगा। प्रमुख सचिव के मुताबिक राजस्व वादों की कुछ पुरानी फाइलें मिलीं हैं, जिन्हें जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए हैं।

पिछले छह माह में काफ़ी फाइले निपटारा किया गया है और इलेक्शन के कारण दो माह काम प्रभावित रहा है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि जो भी पुरानी फाइलें हैं सब का निस्तारण कर दिया जाए।

### 500 सौ से ज्यादा मामले किसान हित में

प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरुप्रसाद ने रायबरेली तहसील के कार्य से संतुष्ट नजर आए । अगर रायबरेली सदर तहसील की बात की जाए तो एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने पिछले कई महीनो से वाद निस्तारण का कार्य काफी किया जिसको लेकर विपक्षियों द्वारा विरोध भी किया गया । कई हेक्टेयर जमीन खाली कराई गई 500 सौ से ज्यादा मामले किसान हित में किए गए है।

# रेप पीड़िता का मुकदमा नहीं दर्ज कर रही पुलिस

- न्याय के लिए दो दिन से भटक रहे पीड़िता और परिजन
- भाई ने पुलिस पर लगाया मामले में समझौता करने का आरोप
- परिजनों का आरोप देर रात तक थाने में बैठाये रखा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा के लिए सरकार जहां कठोर नियम एवं कानून बना रही है बेटियों की सुरक्षा के लिए आदेश जारी किए गए हैं लेकिन उसके बाद भी महिलाओं एवं बेटियों के साथ हो रहे अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।वहीं पुलिस रायबरेली जिले के बछरावां थाना क्षेत्र के चुरूवा गांव में घटी घटना से सबक भी नहीं ले रही है।बलात्कार जैसे संगीन मामलों में पुलिस समझौता करने के प्रयास में जुटी हुई है।घटना के बाद से आरोपी फरार है।वही डलमऊ पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बजाय परिजनों पर सुलह समझौता करने का दबाव बना रही है।ताजा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है यहां की रहने वाली एक युवती के साथ गांव के ही रहने वाले एक युवक ने घर के अंदर घुसकर युवती के साथ बलात्कार किया। यही नहीं शोर शराबा करने पर बहन को बचाने आए भाई को आरोपी अजय कुमार एवं उसके दोस्त प्रमोद कुमार ने पीड़िता एवं उसके भाई को जमकर मारा पीटा और धमकाते हुए कहा कि अगर तुम लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो तुम्हें जान से मार देंगे। परिजनों का आरोप है कि घटना की शिकायत कोतवाली डलमऊ में करने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें थाने में बिठा लिया और परिजनों के मोबाइल तक जमा करा लिए और देर रात 12:00 के बाद उन्हें छोड़ा गया।यही नहीं परिजनों ने आरोप लगाया है कि डलमऊ पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बजाय समझौता करने का दबाव बना रही है।घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी डलमऊ पुलिस बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में मुकदमा लिखने की बजाय समझौता करने में लगी हुई है। वही पीड़ित पक्ष न्याय के लिए दो दिन से दर-दर भटक रहा है।अब देखने वाली यह बात होगी कि पुलिस इस मामले में अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजती है या फिर मामले में सुला समझौता कराती है।खबर लिखे जाने तक डलमऊ पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। संबंधित मामले में कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा उसी दिन दर्ज कर लिया गया था।पीड़ित पक्ष द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद है।आरोपी फरार है पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्रों की शत प्रतिशत कराएं क्रियाशील : सीडीओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा है कि आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में वर्षा ऋतु के दौरान वर्षा जल संचयन एवं भूजल भण्डारण में पर्याप्त बढ़ोत्तरी हेतु जनपद में स्थित सरकारी कार्यालयों, बड़े भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, पार्कों, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन, विकास खण्ड व अन्य भवनों में लगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्रों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित कराते हुए जनता के मध्य इसकी आवश्यकता का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाए।




### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाई गई 25वीं वर्षगांठ

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज, रायबरेली में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सब कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 के दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के दौरान चलाए गए ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत भूमि को घुसपैठियों के चंगुल से मुक्त कराया था। कारगिल युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला था और अंत में भारत के वीर सपूतों ने कारगिल की चोटियों से पाकिस्तानी फौज को खदेड़ कर तिरंगा फहराया था। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है,इसी की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## कपड़ा व्यवसायी मुमताज बने व्यापार मंडल के जिला संगठन मंत्री

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




शहर के रामगंज चौराहे स्थित कोहिनूर मार्केट में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कमेटी का विस्तार करते हुये जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी मुमताज वारसी को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी और आशा की है कि व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए वे अन्य पदाधिकारियों के साथ बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिलाउपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब,सरदार मनदीप सिंह, शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, ज्योति जौहरी, जिला सचिव सै.लकी,जैनुल आबदीन, अली फैयाज आदि नें नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।

# पुलिस ने कन्टेनर ट्रक में लदी अबैध शराब पकड़ी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में आबकारी टीम एवं थाना बकेवर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी/परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अबैध शराब का जखीरा एवं कन्टेनर ट्रक बरामद किया।

आबकारी टीम एवं थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत परसुपुरा में भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि छत्तीसगढ़ नम्बर प्लेट का एक बॉडी बंद कन्टेनर हाइवे से कानपुर की ओर जा रहा है जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो चालक ट्रक को भगाने लगा पुलिस टीम द्वारा ट्रक का पीछा किया गया तो ट्रक चालक द्वारा हीरो मोटर साइकिल की एजेन्सी के पास सर्विस रोड पर खड़ा कर भागने में सफल रहा। पुलिस टीम द्वारा ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक की चैकिंग की गयी तो 9600 क्वार्टर (1728 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब डबल ब्लू डिलक्स ब्लेन्डेड ह्विस्की हरियाणा



ब्राण्ड, 2 रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट फर्जी एवं कूटरचित, आरसी, बीमा, परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, रोड टैक्स स्लिप बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे गठित टीम उक्त अवैध शराब तस्करी/परिवहन की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत है। इस सफलता में रंजीत सिंह प्रभारी आबकारी टीम, निरीक्षक जगदम्बिका प्रसाद, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार श्रीवास, प्र.आ.का. श्यामबरन सिंह, आ.का. शिव सिंह, प्र.आ.का. राधा रमन सिंह, आ.का. मो. शारिक सिद्धकी, आ.का. अरबिन्द कुमार, आ.का. अतुल दीक्षित तथा राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, वरिष्ठ उप निरीक्षक हेमन्त कुमार सोलंकी, उ.नि. आमिर खान, हे.का. कुलदीप, हे.का. अजय कुमार, का. कृष्णवीर का सराहनीय योगदान रहा।

## सिलसिला ग्रुप ने दृष्टि विहीन छात्रों का फ्री दंत परीक्षण कराया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 5 यूनिट एक के सिलसिला ग्रुप द्वारा अंध स्पर्शीय आवासीय विद्यालय पक्का तालाब में दंत विशेषज्ञ डॉक्टर योगेश द्वारा दंत परीक्षण किया गया।

परीक्षण में पाए गए कुछ बच्चों के दांतों की समस्या के लिए डॉक्टर योगेश द्वारा क्लीनिक पर निःशुल्क उपचार करने के लिये बुलाया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कभी भी समस्या होने पर इन ज़रूरतमंद बच्चों की सेवा के लिए वह निःशुल्क तैयार हैं ये कहकर उन्होंने साबित किया कि मानव के लिए भगवान के बाद डॉक्टर ही धरती पर ईश्वर के रूप में होते हैं। दांतों की देख-रेख के लिए एक किट के साथ-साथ स्वल्पाहार के रूप में फल वितरण भी किया गया। सिलसिला ग्रुप की संस्थापक फेडरेशन अधिकारी शिक्षिका राज़दा राज़, नाज़शि इकबाल, साज़दि अली ज्वेलर्स, उमेश सक्सेना, राशिद अली, वार्डन राज किशोर ने डॉक्टर योगेश का स्वागत किया और उनको वंचित, अशक्त एवं मुख्य धारा से अलग दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जो इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य है।

## सपा कार्यालय पर मनाया गया संविधान मान स्तंभ दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के आवाहन पर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया और इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे संकल्प लिया गया कि संविधान की रक्षा के लिए सपा का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

विचार गोष्ठी को मुख्य वक्ता जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि पी डी ए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए सपा प्रतिबद्ध है। महात्मा ज्योति राव फूले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। आज ही के दिन 26, जुलाई 1902 को छत्रपति शाहू जी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया था। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा। समाजवादी लोग पी डी ए की लड़ाई अनवरत जारी रखेंगे।।इसके पश्चात कारगिल मे शहीद हुए अमर वीर शहीदों को नमन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के ससुर नेता जी के करीबी, पुराने समाजवादी रामचंद्र शाक्य के निधन पर पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव जी,के के यादव जी,रामनाथ सिंह यादव जी,प्रदेश सचिव के पी शाक्य, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, जिला सचिव प्रदीप सोनी, प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष फरहान शकील, देवेंद्र भदोरिया,मंजू यादव, सैनिक प्रकोष्ठ कानपुर मंडल प्रभारी जयवीर सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष सर्वेश यादव, अशोक यादव, सर्वेश जोशी, अंकुर यादव, अभिषेक यादव, ब्रजेन्द्र यादव आदि उपस्थिति रहे।

# औषधि निरीक्षक व नायब तहसीलदार ने मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशानुसार ताखा ब्लॉक में संचालित मेडिकल स्टोर का औषधि निरीक्षक रजत कुमार एवं नायब तहसीलदार विपिन मिश्रा ने निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने क्रपा मेडिकल स्टोर, कठौतिया व कन्हैया मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया और 4 औषधियों के जांच के लिए नमूने भी लिये। जिन्हे जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अन्य मेडिकल संचालक अपने-अपने स्टोरों को बंद कर फरार हो गये। औषधि निरीक्षक ने बताया कि यह छापेमारी जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आम जनमानस को सही दवा, दवा ख़रीद का बिल, दवाईयों का सही रख रखाव को सुनिशचित करने और औषधियों का दुरुपयोग न होने तथा नशे के रूप मे उपयोग ना करने के दृष्टिगत किया जा रहा है। उन्होंने समस्त औषधि विक्रेताओं को निर्देशित करते हुई बताया कि औषधि नियमावली 1945 की नियमों का पालन करना होगा। प्रतिबंधित औषधि का विक्रय करते पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।



मेडिकल पर जांच करती टीम। फोटो - समृद्धि न्यूज

# कृषि कल्याण योजनाओं से कृषकों को करें लाभान्वित : जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



- डीएम की अध्यक्षता में कृषि विभाग एवं कृषि संबंधित विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न
- सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में विशेष प्रयास करते हुए सब्सिडी दिए जाने का डीएम ने दिया निर्देश

डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कृषि विभाग एवं कृषि संबंधित विभाग उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, रेशम विभाग द्वारा संचालित कृषि कल्याण योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम ने संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए कृषि कल्याण योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित किए जाने का निर्देश दिया। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया।

उद्यान विभाग द्वारा संचालित सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में विशेष प्रयास करते हुए सब्सिडी का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, उपनिदेशक कृषि नरेंद्र कुमार,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बाढ़ में क्षति हुए फसलों का मुवायजा व बाढ़ राहत सामग्री की मांग की

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** ग्राम सभा बिरदा बनिया भारी के बाशिंदों समेत ग्राम प्रधान ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बाढ़ में क्षति हुए फसलों के मुवायजा व बाढ़ राहत सामग्री की मांग की है। दिए गए पत्र में कहा है कि विगत दिनों आई बाढ़ से राप्ती नदी के तटवर्ती गांव बिरदा बनिया भारी, मिलौली बाघाजोत, अल्ला नगर फगुइया, महुवा धनी आदि गांव कई दिनों तक बाढ़ से घिरा रहा है जिसके चलते किसानों की धान की फसल बर्बाद हो चुकी है। क्षेत्र के और गांवों में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण हो गया है वहीं अब तक बिरदा बनिया भारी ग्राम पंचायत में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण नही हो सका है। ग्रामीण इबरार अहमद ,हीरालाल,बृजभान,अकबाल अहमद,हरीराम,लियाकत,नटवरलाल,चेतराम,धर्मराज यादव आदि ने बाढ़ राहत सामग्री वितरण कराने की मांग की है।

# शक्ति डिग्री कॉलेज शाकाहारी में कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**



शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी घाटमपुर कानपुर नगर के छात्र-छात्राओं ने अमर शहीदों को याद करते हुए कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी के नेतृत्व में यु पी 59 बीएन के एनसीसी कैडेट्स तथा महाविद्यालय के छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा कविता लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बीएड विभाग के वरिष्ठप्राध्यापक शिव शरण वर्मा ने सभी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु हमेशा सजग रहने को कहा। इस कार्यक्रम में बीसीए विभाग के प्राध्यापक श्याम जी शुक्ला ने कहा कि आप सभी का यह समय बहुत ही कीमती है इस समय आप अपनी पढ़ाई पूरी निष्ठा के साथ करें तभी आगे चलकर देश को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक प्राप्त हो सकेंगे। आप सब देश के एक मजबूत स्तंभ बन सकेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्राओं में आस्था, सत्यम सिंह परिहार, श्याम बिहारी, आशीष सिंह,राहुल यादव, देवांश, हिमांशु व धर्मेंद्र निषाद तथा प्राध्यापकों में राऊनंदन विद्यार्थी, डॉक्टर जय किशोर, मनोज कुमार,श्रीमती ज्योत्स्ना अवस्थी, श्री पुनीत द्विवेदी तथा सत्येंद्र अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे। अंत में लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी ने राष्ट्रगान और एनसीसी गान करवा कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## सीमा विस्तार को लेकर विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा ने नगर विकास मंत्री को सौंपा पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के सीमा विस्तार किये जाने को लेकर विधायक उतरौला ने नगर विकास मंत्री को पत्र सौंपा है।

विधायक राम प्रताप वर्मा ने नगर विकास मंत्री को सौपे पत्र में कहा है कि आदर्श नगर पालिका परिषद के सम्पूर्ण विकास हेतु सीमा विस्तार करते हुई ग्राम सभा अल्लानागर फगुइया, उतरौला ग्रामीण, लालगंज, मधुपुर, इमलिया बनघुसरा, जोगिवीर, गरीब नगर, सेखुईया, बक्सरिया, रेहरामफी व बदल पुर चौखड़िया को समायोजित किया जाना आवश्यक हैं।

विधायक ने आदर्श नगर पालिका परिषद के सम्पूर्ण विकास के लिये इन ग्राम पंचायतों को समायोजित करने के लिये सम्बंधित को निर्देशित किये जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार सुबह थाना सजेती के कोरिया गांव में एक युवती करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई, बताया जाता है कि गांव निवासी गोसाई की पत्नी संयोगिता सवेरे पंखा बंद करने के लिए स्विच बोर्ड पर जैसे ही हाथ लगाया की वह करंट की चपेट में आ गई, इलाज के लिए परिजन उसे घाटमपुर सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों के मुताबिक संयोगिता चूल्हा जला रही थी और इसी के चलते वह पंखा बंद करने लगी कभी उसे करंट लग गया।

### बेतवा नदी का जल स्तर बढ़ा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ व छतरपुर जिलों में हुई बारी बरसात के कारण धसान नदी में पानी बढ़ गया है। इसलिये वेतवा नदी में लगभग ढाई मीटर तक पानी बढने की संभावना है। दोनो नदियां खतरे के निशान से बहुत दूर है। हालाकि प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वाले लोगो से बाढ़ से सतर्क रहने का एलर्ट जारी कर दिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल जिले में बाढ़ जैसे कोई हालात नही है।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित

**इटावा।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहुति की गई। उन्होंने सर्वप्रथम गत बैठक में दिये गए निर्देशों पर किय गये कार्य के बारे में जानकारी ली तथा जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्र पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना है। उन्होंने प्रत्येक हिन्दुओं की रिपोर्ट निर्धारित समय में निस्तारित करके प्रगति करना सुनिश्चित करने तथा सम्बन्धित विभागों को अनुपालन आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में संचालित डेरी के उद्यमियों द्वारा कार्य कराये जाने हेतु अनुबंध कर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिय। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई एवं नालियों को साफ कराने तथा औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती पर एक समय निर्धारित करके ही विजली कटौती की जाए। उन्होंने स्टेट बैंक से सभी पोर्टल की फाइलों के लिए एक माह के अंदर निस्तारित किय जाने के निर्देश दिये। उक्त अवसर पर उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हाईवे पर दुर्घटना, युवक की मौत, चार घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जसवंतनगर हाईवे पर दुर्घटना में कानपुर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी बेटा व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। मृतक के एक छोटे बेटे को हल्की चोटें आई हैं। कानपुर नगर के ककवन निवासी राजेश कुशवाहा 40 वर्ष पुत्र रामपाल जो भिवाड़ी राजस्थान में किसी फैक्ट्री में काम करते थे वह अपनी पत्नी सुनीता देवी 38 वर्ष और पुत्र नितिन कुमार 20 वर्ष एवं जतिन कुमार 14 वर्ष को लेकर एक कंटेनर में सवार होकर वहां जा रहे थे। बताया गया है कि यहां हाईवे पर जौनई के निकट स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही कंटेनर एक डंपर में जा टकराया जिससे कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हुआ है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से एंबुलेंस के जरिए घायलों को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया जहां राजेश ने दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी को सिर व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं बेटे नितिन को भी गंभीर चोटे आईं जबकि जतिन को हल्की चोटें आई हैं। कानपुर देहात के कमलापुर शट्टी निवासी अन्य व्यक्ति मूलचंद पुत्र गौरी शंकर को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है।

### मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशानुसार मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अभिनव रंजन श्रीवास्तव की उपस्थिति में मढैया पछाय गांव, तहसील सदर स्थित चंबल नदी के घाट पर बाढ़ के समय बचाव किए जाने का मॉडल किया गया। मॉडल के समय बाढ़ की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर डूबने से बचाव करने हेतु उपाय के साथ उसकी प्राथमिक उपचार कर एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भेजे जाने की व्यवस्था की गई तथा बाढ़ के समय लोगों को बचाव के प्रति जागरुक करते हुए जिन स्थानों पर बाढ़ आ रही है उन स्थानों को छोड़कर ऊंचे जगह वाले स्थानों में जाने तथा कैंपों में जाने के लिए निर्देशित एवं जागरूक भी किया गया। बाढ़ के समय बचाव की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मोटर बोर्ड दमकल डॉक्टर की टीम सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। साथ ही साथ भाउपुरा यमुना नदी में फंसे हुए चार व्यक्तियों को जो की बाढ़ में फंसे हुए थे, उनको एसडीआरएफ की टीम की मदद से मोटर बोट द्वारा रेस्क्यू भी किया गया। उक्त मॉडल के दौरान डीएम अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार सदर जय प्रकाश, सीएमओ डॉक्टर गीताराम, एनडीआरएफ के मॉक एक्सरसाइज ऑब्जर्बर रविन्द्र कुमार, कमांडेंट होमगार्ड रवि शंकर त्रिवेदी, एसीएमओ यतेंद्र राजपूत, बढ़पुरा थाना प्रभारी गणेश शंकर द्विवेदी, आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे, आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयों में समय परिवर्तन की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने इटावा जिला अधिकारी को विद्यालयो के समय परिवर्तन हेतु ज्ञापन दिया जिला अध्यक्ष संदीप यादव एवं जिला मंत्री योगेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित हो रहे हैं इस समय वातावरण में बहुत ज्यादा ही गर्मी होने के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है छात्र अधिक संख्या में बीमार पड़ रहे हैं कतिपय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की सूचनाये भी प्राप्त हो रही हैं छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से 12:30 तक करने का अनुरोध किया है।

# भारी बारिश से सरकारी कार्यालय जलमग्न

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को हुई जोरदार बारिश में सरकारी दावों की पोल खुल गई और कस्बे का जल संस्थान में पानी से भर गया, वहीं बिल जमा करने गए उपभोक्ता और कार्यालय में बैठे कर्मचारी असहाय नजर आए। वहीं बिल जमा करने कार्यालय आए उपभोक्ताओं में से एक उपभोक्ता ने वीडियो वायरल कर विभाग की पोल खोल दी।

शुक्रवार दोपहर हुई लगभग घंटे की जोरदार बारिश ने कस्बे के सरकारी दावों की पोल खोल दी। दोपहर बाद एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया में वायरल हुआए जिसमें कार्यालय में कुर्सी पर बैठे कर्मचारी असहाय दिखाई दिएए जबकि पूरे कार्यालय में करीब चार से पांच इंच पानी से भरा हुआ दिखाई दिया। जिससे विभाग में रखीं फाइलें भी प्रभावित हुईं। हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता हैए लेकिन वायरल वीडियो मौदहा के जल संस्थान का बताया जा रहा है। जिसमें लोगों द्वारा तरह तरह के कमेंट्स किए जा रहे है।

# पुलिस टीम ने लूट की घटना का किया खुलासा

- घटना कारित करने वाले बाल अपचारी सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार, लूटी गई सम्पत्ति बरामद

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दौरान अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाडी प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा व0उ0नि0 सुनील कुमार मिश्र, उ0नि0 रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 169/2024 धारा 309(4)/115(2)/351(3)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष जिसके कब्जे से लूट के जेवर बेचे हुए पैसों में से कुल 1020 रुपये व अभियुक्त 2.लहुआ उर्फ युनुस पुत्र सुरेश बसोर उम्र करीब 22 वर्ष जिसके कब्जे से लूट के जेवर से बेचे हुए पैसे 19040/- रुपये बरामद हुआ टोटल बरामदगी 20060/- रुपये बरामद हुए हैं, गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण वरि0उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा उ0नि0 रमेश कुमार यादव का0 राहुल कुमार का0 कौशल प्रताप थाना पनवाड़ी जनपद महोबा गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण नफर बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष अभियुक्त लहुआ उर्फ युनुस पुत्र सुरेश बसोर उम्र करीब 22 वर्ष निवासी बाबू तालाब के पास कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

# पंचायत सचिवों, पंचायत मित्रों व ग्राम प्रधानों के लिए मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम बना मजाक

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- एक ही फोटो से किया जा रहा कई बार एमएमएस

मनरेगा के कार्यों में होने वाले मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम में एक ही फोटो को अलग.अलग मस्टररोल में दर्शाया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार आंख मिचौली का खेल खेलकर कार्य प्रभारी एवं पंचायत मित्रों की क्रिया कलापों पर मूकदर्शक बने बैठे हैं हालांकि मुख्य विकास अधिकारी समय.समय पर विकास कार्यों की निगरानी हेतु कार्य स्थल पर पहुंच वहां की जमीनी हकीकत देखते हुए भी अंजान बन रहे हैं।

मौदहा विकासखंड का हमेशा विवादों से गहरा रिश्ता बना रहा है फिर चाहे यहां आवास घोटाला का मामला हो या मुर्दों से मनरेगा के विभिन्न काम करवाने का लेकिन मौजूदा समय में मनरेगा के हो रहे विकास कार्यों में सरकार द्वारा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से प्रतिदिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी का प्रावधान रखा गया है जिसमें सरकार की मंशा थी कि उक्त पद्धति से मनरेगा में पारदर्शिता स्थापित होगी लेकिन विकासखंड कार्यालय में तैनात तमाम सचिवों प्रधानों एवं पंचायत मित्रों ने सरकार की मंशा को धता बता दिया है। विकासखंड क्षेत्र के भवानी गांव में हो रहे मनरेगा कार्यों में 25 जुलाई को किए गए एमएमएस के जरिए जलरोक बांध निर्माण कार्य मेन रोड से जगराम सिंह के खेत तक सहित अन्य कार्यों में 135 मजदूरों ने काम किया है हालांकि एक ही फोटो से अधिकांश मास्टर रोल में एमएमएस किया गया है जो जांच का विषय है। इसी तरह ग्राम पंचायत लेवा में डांडी हार से नहर तक पड़ रहे जल रोक बांध कार्य में 97 मजदूर काम करते दर्शाए गए हैंए इस कार्य में जारी मस्टर रोल में भी एक ही फोटो से कई बार एमएमएस किया गया है लेकिन कार्य प्रभारी सहित ग्राम प्रधान मूकदर्शक बने हुए हैं। हालांकि सरकार की मंशा थी कि मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत मनरेगा कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार में पारदर्शिता लाई जा सकेगी लेकिन यहां बैठे जिम्मेदार सरकार के सभी अरमानों पर पानी फेरते हुए पलीता लगाने में जुटे हुए हैं जो जांच का विषय है।

## आबकारी टीम ने प्रवर्तन अभियान के दौरान दबिश देकर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक उतरौला अलंकार सिंह,आबकारी आरक्षी अंकित भटनागर, सोनू कुमार, अभिमन्यु सिंह की आबकारी टीम ने ग्राम चौका थाना सादुल्लानगर में दबिश दी। दबिश के दौरान 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एक अभियोग पंजीकृत किया गया। टीम ने देशी,विदेशी व बीयर की दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया।सभी विक्रेताओं को दुकान का संचालन नियमानुसर करने और दुकान पर साफ-सफाई रखने हेतु निर्देश दिए गए।

## विद्युत कटौती को लेकर विधायक राम प्रताप वर्मा ने जाहिर की नाराजगी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



- विद्युत विभाग के आला अधिकारियों के साथ विधायक राम प्रताप वर्मा ने की बैठक

विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर कड़ा रूख अपनाते हुए विधायक राम प्रताप वर्मा ने विद्युत विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक की।

विधायक ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के फीडरों द्वारा की जा रही विद्युत कटौती को लेकर नाराजगी जाहिर की।विभाग के आलाधिकारियों से शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के हिसाब से आपूर्ति देने की बात कही।व्यापार मंडल की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए फाल्ट के नाम पर अनावश्यक रूप से घंटों आपूर्ति ठप करने पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए विभागीय कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि गोंडा कमलेश पाण्डेय, अधिशाषी अभियंता तुलसीपुर रमा शंकर मौर्य, एसडीओ अरविंद गौतम, जेई उतरौला पवन कुमार, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गुप्त, चरन सिंह,अंकुर गुप्ता, राजकुमार कशौधन, गुरवेन्दर सिंह, फैज अहमद, प्रीतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, दी आन्दोलन की चेतावनी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सड़क व पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सौंपा है। वहीं मांग पूरी न होने पर आन्दोलन की चेतावनी भी दी है।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुनेहटा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप बताया की गांव के मजरा लेकिन पुरवा में दो सैकड़ा लोग निवास करते हैए जो आज बिना सड़क के रह रहे है बारिश के दौरान वहां स्थित नाले मे पानी का बहाव काफी तेज हो जाने के कारण निकलना चलना दुश्वार हो जाता है साथ ही नाला काफी गहरा भी है जिससे कोई अन्होनी घटना भी हो सकती है। जिस कारण लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर नाला पार करते हैए खासकर वहां रह रहे बच्चे स्कूल जाने में असमर्थ हो जाते है और महिलाओं का भी यही हाल रहता है, बारिश के दौरान राशन सामग्री भी पहुंचना मुश्किल हो जाता है जिस वजह से ग्रामीणों द्वारा कई बार सड़क व पुलिया की मांग करते रहे है। लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों ने शुक्रवार को बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों लोगो ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप सड़क निर्माण की मांग की है। वहीं बताया की जल्द ही सड़क व पुलिया निर्माण में कार्य नही होता तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

## मस्जिद के बाहर लगाए दर्जनों पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** वृक्षारोपण अभियान के तहत मस्जिद के इमाम साहब सहित मुक्तादियो ने मस्जिद के बाहर चारों ओर दर्जनों पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया है। कस्बे के कपसा रोड हुसैनगंज स्थित निजामी जामा मस्जिद सुबेदार के इमाम, मोआज्जिन सहित जमातियों ने दर्जनों पेड़ लगाएं और वृक्षारोपण अभियान में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु जागरूक किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। इस दौरान दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मस्जिद इमाम अशरफ अलीए मोआज्जिन बेटा भाईए गोगा फौजीए कमरूद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## डीएम द्वारा गठित टीम बरसात के चलते नहीं पहुंची मौके पर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- टीम के अधिकारी ने ग्रामीणों पर बनाया दबाव, जमकर हुआ विवाद


लघु सिचाई द्वारा निर्मित किये गये चेकडैमों की जांच के लिये डीएम द्वारा बनायी गयी कई टीमे भारी बरसात होने के कारण मैके पर नही जा सकी। हालाकि इसके लिये टीम में शामिल अधिकारी ठेकेदारों को लेकर चंडौत बस स्टेशन में जाकर ग्रामीणों के बुलाकर उनसे मान मनौब्बल करते रहे। जिससे जमकर विवाद हुआ। मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक विभाग द्वारा वाटर रिचार्जिंग सिचाई के लिये बनाये गये चेकडैम समय से पहले ही नष्ट हो गये है बंधौली व चंडौत में अभी हाल ही में बनाये गये थे मगर वह चटक गये है जब कि विभाग के अधिशासी अभियंता एसबी सिंह का कहना है कि चेकडैम पांच साल पहले बनाये गये थे वह नष्ट हुये है एक्शियन ने उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया है। इधर आज जांच के लिये गयी जांच टीम के अधिकारी बरसात के कारण जब मौके पर नही जा पाये तो ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया जिससे जांच अधिकारियों में काफी देर तक झड़प होती रही। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कोई चेकडैम नही है जिससे एक बूद से खेत की सिचाई हुई हो उधर ठेकेदारों द्वारा ग्रामीणों पर जांच टीम दबाव पाने का प्रयास किया मगर ग्रामीणों ने ठेकेदारो को भी खरी खोटीसुनायी है। जिससे मौके पर भीड एकत्र हो गयी। उधर महेंद्र सिंह राजपूत ने चेकडैम के बारे में पांच साल के बनाये गये चेकडैमों की आरटीआई से सूचना मांगी है। ताकि विभागीय अभियंताओं की असलियत शासन के सामने लायी जा सके। हालाकि बिभागीय अभियंता नेताओं की चौखट में हाजिरी देना शुरु कर दिया है वही उच्चाधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।भाजपा नेताओ का कहना है कि यदि अधिशासी अभियंता ने किसानों के साथ धोखा किया तो आन्दोलन किया जायेगा। मामला शासन स्तर पर पहुच गया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लोग बेहिचक उठाएं : डॉ. पूजा

- शिविर में 327 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवायें

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



मुरली मनोहर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तत्वावधान में आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत ग्राम प्रतापपुरा में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 327 रोगियों को निशुल्क दवा वितरित की गई।

आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत ने दीप प्रज्जवलन कर व भगवान धन्वंतरि, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डॉ. पूजा राजपूत ने कहा कि आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वाधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को हुआ है। उन्हें गांव में ही स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क दवा दी जा रही है। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत, चीफ फार्मासिस्ट सुरेशचंद्र वर्मा, स्टाफ नर्स नेहा सिंह, राहुल पाठक, अजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि ने वातव्याधि, चर्म रोग, ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, उदर रोग, कटिशूल, प्रतिश्याम आदि रोगों के 327 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की।

# लक्ष्मीबाई पार्क के रखरखाव को लेकर पालिका परिषद बनी संवेदन शून्य

- कर्मभूमि कालपी में प्रतिमा के चहुंओर पसरा कीचड़

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



नगर के महारानी लक्ष्मीबाई पार्क स्थल में नगर पालिका द्वारा की जा रही उपेक्षा के कारण पार्क के रास्ते में पानी व कीचड़ बजबजा रहा है जिससे नगर वासियों में पालिका प्रशसन के प्रति रोष व्याप्त है।

मालूम हो कि स्वतंत्रता संग्राम की नायिका रही महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मस्थली कालपी भी रही है जिसके कई निशान नगर में मौजूद है और शायद इसी के चलते प्रशासन ने दुर्गा मंदिर के पास लक्ष्मीबाई पार्क का निर्माण कर उनकी प्रतिमा स्थापित करवाई थी लेकिन वह पार्क हाईवे विस्तारीकरण की चपेट में आ गया था और पालिका परिषद ने उनकी प्रतिमा को हाईवे किनारे बने अम्बेडकर पार्क के पास छोटी सी जगह में स्थापित कर दिया था। शुक्रवार को ग्रीन कालपी क्लीन कालपी टीम के सदस्यों महारानी की प्रतिमा देखने गए तो प्रतिमा के सामने जलभराव हो गया था जिसके चलते वह वहां नहीं पहुंच सके थे। महारानी की प्रतिमा के अनादर से टीम के सदस्य काफी खफा है उन्होंने इस मामले की शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के मुखिया से लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी से भी की है। टीम प्रमुख रशीद खान के मुताबिक जिन्होंने देश की आजादी के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया था लेकिन नगर पालिका परिषद ने उनका भी ख्याल नहीं रखा है। वही अधिशाषी अधिकारी अवनीष कुमार शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बरसात के चलते पानी भर गया होगा उसे शीघ्र ही निकाल दिया जाएगा।

# वाहन अनफिट पाये जाने पर पंजीयन होगा निरस्तः डीएम

## स्कूली बसों में छात्र-छात्राओं के द्वारा सीट बेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य किए जाने के दिए निर्देश

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न की गई। सर्वप्रथम बैठक में सभी विद्यालयों को अनफिट वाहनों को फिटनेस कराए जाने हेतु संचालित कैंप के विषय में अवगत करते हुए वाहनों की फिटनेस 15 अगस्त 2024 के पूर्व कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा अनफिट वाहनों की सूची के माध्यम से प्रकाशित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी विद्यालयों द्वारा यह जानकारी दी गई थी उनके विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर सुरक्षा समिति का गठन शत प्रतिशत कर लिया गया



है संभागीय अधिकारी ने अवगत कराया गया कि विद्यालय द्वारा 5 से 10 किलोमीटर की परिधि में संचालन हेतु 1648 का निरीक्षण शुल्क वसूला जाएगा तथा 5 किलोमीटर से कम की परिधि हेतु इसका आधा शुल्क लिया जाएगा तथा 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी हेतु 25 प्रतिशत अधिक मगर 2000 से कम अनुरक्षण शुल्क ही अभिभावकों से लिया जाएगा इसके संबंध में हेल्पलाइन जारी किए जाने हेतु निर्देश जिलाधिकारी द्वारा किया गया है।

ई रिक्शा आदि से विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सुरक्षित वाहनों से आने हेतु जागरूक किया जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक विद्यालयन में परिचक की उपस्थित सुनिश्चित किए जाने पर भी विशेष बल दिया गया 15 अगस्त की तिथि के पश्चात यदि कोई वाहन अनफिट पाया जाता है तो पंजीयन निलंबित /निरस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए वहां को स्क्रैप करने करवाई हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी स्कूल बसों में स्कूली छात्राओं के द्वारा सीट बेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक व यात्री/मालकर अधिकारी बाराबंकी , टी आई रामयतन यादव के साथ विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य/ प्रबंधक सम्मिलित हुए।

# डायरिया बच्चे को नहीं मिला इलाज, हुआ निधन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




डायरिया पीड़ित 15 वर्षीय बच्चे को लेकर दर-दर भटक रहे परिजन आखिरकार अपने मरणासन्न बच्चे को लेकर घर लौटने को मजबूर हो गए। घर लौटे बच्चे का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के वैदनखेड़ा गांव निवासी इंद्रपाल का 15 वर्षीय पुत्र शुभम रावत गुरुवार से उल्टी दस्त की समस्या से पीड़ित था।

निजी चिकित्सालय में उपचार के बाद भी हालात में सुधार ना होने पर परिजनों द्वारा शुक्रवार की सुबह उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पर लाया गया था। जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव द्वारा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया था और 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया गया था। वहाँ पर भी हालत में सुधार न होने पर उसे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया जा रहा था, जिसके लिए आधार कार्ड मांगा गया था परंतु आधार मौजूद न होने पर जिला अस्पताल ने हाथ खड़े कर दिये थे। निराश परिजन बच्चे को बस से लेकर हैदरगढ़ चले आये। जहा से कुछ लोगों की सहायता से 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। यहां पर भी उपचार के बाद एक बार फिर बच्चे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद निराश मां छापादेवी व बाबा राम तिलक बच्चे को टैम्पो से लेकर घर चले गये जहा पर कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# बेहोशी की हालत में मिले युवक को पुलिस ने कराया भर्ती

> युवक के पास से ना तो मोबाइल और ना ही कोई पहचान पत्र मिला है

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय बस स्टेशन पर हार्दिक बेहोशी की हालत में पड़े एक युवक की सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया है शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे एक युवक लड़खड़ाते कदमों से बस स्टेशन हैदरगढ़ के परिसर में पहुंचा और फिर मूत्रालय के निकट गिर पड़ा। लोगों ने समझा कोई शराबी होगा। इसी बीच बारिश होने लगी फिर भी युवक पेट के बल पड़ा ही रहा। जिसकी सूचना यहां पर मौजूद समाज सेवी काशी सिंह बगावत ने प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को दी। यहां पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। युवक के पास से ना तो मोबाइल और ना ही कोई पहचान पत्र मिला है जिससे युवक की पहचान नहीं हो सकी है वही समाचार भेजे जाने तक युवक बेहोशी की हालत में था।

# सपाइयों ने संविधान रक्षा का लिया संकल्प

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी ही इकलौती पार्टी है जो दलित पिछड़े वंचितों के हक अधिकारों के रक्षा सुरक्षा के लिए समर्पित है। समाजवादी पार्टी स्थापना काल से ही निरंतर संघर्ष करती आ रही है सभी को समान अधिकार देने वाले संविधान और दलित पिछड़े वंचितों को मुख्य धारा में लाने के लिए लागू किए गए आरक्षण को बचाने के लिए सपा प्रतिबद्ध है।



उक्त विचार जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संविधान मान स्तंभ को पार्टी कार्यालय पर स्थापित करने के उपरांत पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने लखनऊ प्रदेश कार्यालय से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजे गए संविधान मान स्तंभ को स्थापित कर पदाधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाते हुए कहा हम सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि जब तक पीडीए को संविधान अनुरूप समानता और आरक्षण उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक हम सब अपने हक अधिकारों के लिए निरंतर आवाज उठाते हुए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे से कंधा मिलाकर संविधान और आरक्षण की रक्षा सुरक्षा के लिए हर संभव कोशिश करते रहेगें, इसी संविधान ने हम सबको समानता के अधिकार के साथ अपनी बात कहने की आजादी उपलब्ध कराई है इस संविधान की रक्षा सुरक्षा हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने संविधान मान स्थापना दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले की हैं। जिनका उद्देश्य था की सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना है महात्मा ज्योतिराव फुले की संकल्पना को आज ही के दिन 26 जुलाई 1902 को राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को देते हुए हजारों साल से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया था किंतु मौजूद भाजपा सरकार निजीकरण करके नौकरियों मे आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही साथ ही युवाओं को सरकारी नौकरियां सिर्फ इसलिए नहीं दे रही है।

# बाहरी व्यक्तियों के दबाव से आजिज डॉक्टर ने तबादले का किया अनुरोध

> सीएमओ को पत्र भेजकर यहां से स्थानांतरण किए जाने की लगाई गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

एक वर्ष पूर्व अल्ट्रासाउंड एवं निश्चेतक कार्य के लिए हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात किए गए डॉक्टर विश्वनाथ मद्धेशिया द्वारा अनाधिकृत बाहरी व्यक्तियों द्वारा बाहर की दवाएं जांच एवं मेडिको लीगल केस में अपने अनुरूप नियम विरुद्ध कार्य करने के दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर यहां से स्थानांतरण किए जाने की गुहार लगाई है। डॉ मद्धेशिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उन्हें 1 वर्ष पूर्व हैदरगढ़ में अल्ट्रासाउंड एवं निश्चेतक कार्य के लिए तैनात किया गया था लेकिन यहां पर उनसे ओपीडी इमरजेंसी एवं मेडिकोलीगल के अलावा अन्य कार्य भी लिया जाता है। आरोप लगाया कि अस्पताल में कार्यरत अनाधिकृत बाहरी व्यक्तियों द्वारा उन पर बाहर से दवाई लिखने जांच लिखने तथा मेडिकोलीगल केस में अपनी सुविधा के अनुसार नियमों के विरुद्ध कार्य करने का अनैतिक दबाव बनाया जाता है। यह अनैतिक दबाव कोई आज की बात नहीं है पिछले कई वर्षों से चल रहा है। यही नहीं अनेकों प्रकार से राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है।

## खबरें एक नजर में

### 60 लोगों ने ली भीम आर्मी की सदस्यता



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन के निर्देश पर जिला अध्यक्ष रामहेत रावत के नेतृत्व में हैदरगढ विधानसभा क्षेत्र के दहिला चौराहे पर सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें आजाद समाज पार्टी कांसीराम की 60 लोगों को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील रावत आदि उपस्थित रहे।

### विधायक के चचेरा भाई सर्पदंश का शिकार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तेज तर्रार विधायक दिनेश रावत का चचेरा भाई सर्प दंश का शिकार हो गया। लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में उपचार चल रहा है ।जहां हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी विधायक दिनेश रावत के चाचा दयाराम रावत का 30 वर्षीय पुत्र राकेश शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे दरवाजे पर स्थित तबेले में जानवरो को बांधने के लिएजमीन में गाड़े जाने वाले खूंटे के लिये लकड़ी के ढेर से लकड़ी निकल रहा था कि तभी सर्प दंश का शिकार हो गया।

### सर्पदंश का शिकार हुआ युवक

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** घर के बाहर लगी बालू बटोरते समय एक युवक सर्प दंश का शिकार हो गया। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अजान का पुरवा मजरे रानीपुर निवासी 23 वर्षीय संदीप पुत्र सतगुरु शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर के बाहर लगी बालू को समेट रहा था कि तभी सर्प दंश का शिकार हो गया। परिजनों द्वारा सीएचसी पहुँचाए गये युवक का उपचार चल रहा है।

### व्यस्त चौराहे पर मिला अधेड़ महिला का शव

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के व्यस्तम चौराहा मसौली पर स्थित जसवंत ढाबे के निकट एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ मृतका मानसिक रूप से बीमार थी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के शव मे पड़े कीड़ो को देखकर प्रतीत होता था शव कई दिन पुराना है। शुक्रवार की दोपहर ढाबा संचालक की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने हाइवे पर स्थित मसौली चौराहा पर बने परिवहन निगम के बूथ स्टाप के पीछे एक महिला का शव पड़ा हुआ है मृतका के शरीर से आ रही दुर्गंध एव शरीर मे पड़े कीड़ो से प्रतीत हो रहा था।

### मारफीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा के अभियुक्त जियाजुल उर्फ एजाजुल पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम दादर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से 60 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जैदपुर थाना पर संबंधित धाराओं में एनडीपीएस पंजीकृत किया गया।

# निर्माणाधीन आईटीआई का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी ने किंतूर स्तिथ निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण कर ग्रामीण अभियंत्रण के अधिशासी अभियंता को शेष कार्य को पूरा कराने के लिए एस्टीमेट बनाने के लिए दिए निर्देश। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन ने ग्रामीण अभियंत्रण के अधिशासी अभियंता ज्ञानेंद्र कुमार सहायक अभियंता राघवेंद्र मिश्रा मनीष त्रिपाठी व केके वर्मा खंड विकास अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव के साथ किंतूर स्थित निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने पहले से बने कमरें दीवार खिड़की दरवाजा आदि की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण के अधिकारियों को बचा हुआ शेष कार्य को पूरा करने के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि किंतूर में आईटीआई कॉलेज का निर्माण किया जा रहा था जो की किन्हीं करणों के चलते अधूरा रह गया था। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी के साथ आज निरीक्षण किया गया है। भवन के फोटो आदि लिए गए हैं। जल्द ही एस्टीमेट बनाकर भेज दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने किंतूर नाले पर व खुर्दमऊ में पटरी सफाई का मनरेगा से किये जा रहे कार्य का भी निरीक्षण किया।

### भाई ने बहन के ससुरालीजनों पर की दहेज उत्पीड़न की शिकायत

**बाराबंकी।** जिले के ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक युवक ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी बहन का विवाह 16 फरवरी 2022 को थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ हुआ था। इसके बाद उसके ससुर, सास, पति द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और जब उसकी बहन द्वारा अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई।

इसके बाद उसके पति को नौकरी के लिए बाहर भेज दिया गया। और उसके ससुर द्वारा रात्रि करीब 10 बजे उसके कमरे में आए और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। जिसे मना करने पर उसे लात घूंसो व डंडों से मारा पीटा गया। तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

# बोर्ड की बैठक में सभासद की बिगड़ी हालत, अस्पताल में कराया भर्ती

> उपचार के बाद उनकी हालत में आया सुधार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत जैदपुर के सभागार में कस्बा के विकास के मुद्दों पर विशेष चर्चा करने हेतु सभी वार्ड के सभासदों के साथ बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कस्बा के विभिन्न वार्डों के सभासद इस बैठक में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान एक सभासद की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद साथी सभासदों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी हालत में सुधार होना पाया गया। दरअसल शुक्रवार को नगर पंचायत के सभागार में बोर्ड की बैठक में कस्बा के विभिन्न वार्डों के सभासद मौजूद रहे। बैठक के दौरान ही अचानक बड़ापुरा वार्ड के सभासद मोहम्मद अबसार अंसारी के सीने में जोरदार दर्द होने लगा और वह दर्द से कराहने लगे।

अचानक तबियत बिगड़ने के बाद बैठक में मौजूद सभी सभासद बेहद चिंतित हो गए और अबसार अंसारी को तत्काल चक ले जाएगा। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी हालत में सुधार होना पाया गया और इसके पश्चात उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार उक्त सभासद मोहम्मद अबसार अंसारी बैठक में अपने वार्ड के मुद्दों को लेकर प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

### न्यायालय के वारंटी को पुलिस ने जेल भेजा

**कालपी, जालौन।** उरई अदालत के वारंटी अभियुक्त को बीती रात उप निरीक्षक ने गिरफ्तार कर संबंधित वारंट के तहत पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा।

खबर के अनुसार कोतवाली कालपी के उप निरीक्षक राजेश कुमार ने उरई अदालत से आए हुए वारंट को कोतवाली कालपी से प्राप्त कर गुरुवार की रात पुलिस बल के साथ वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए संदिग्ध जगहों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रहे थे तभी मुखबिर की सूचना मिलने पर वारंटी अभियुक्त के निज निवास ग्राम मंगरौल में पहुंचकर उक्त गांव के निवासी वारंटी अभियुक्त रोशन सिंह पुत्र लक्ष्मी नारायण को चारों तरफ से मकान को घेर कर तथा मकान के दरवाजे से गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया।

# लापरवाही पर प्रधान के पावर सीज, सचिव निलंबित

> निलंबित सचिव को जालौन ब्लाक में किया अटैच, बीडीओ नदीगांव से मांगा स्पष्टीकरण

**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने वाले ग्राम प्रधान जगनपुरा व ग्राम विकास अधिकारी की करतूतों की ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी जिस पर उसकी जांच एसडीएम कोंच ज्योति सिंह ने जगनपुरा की गौशाला में पहुंचकर हकीकत देखी तो ग्रामीणों की शिकायत सच पायी गयी।

इसके बाद एसडीएम ने अपनी आख्या डीएम को भेज दी थी जिस पर तत्काल प्रभाव से ग्राम प्रधान के पावर सीज करने के साथ ही ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उन्हें जालौन ब्लाक कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया और पूरे प्रकरण की जांच माधौगढ़ को सौंप दी गयी। साथ ही नदीगांव बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। गौरतलब हो कि नदीगांव विकासखंड के ग्राम जगनपुरा में गौशाला संचालित होती है। लेकिन गौशाला में गौवंशों को न रखकर उन्हें अन्ना छोड़ दिया जाता था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पिछले दिनों जिलाधिकारी से की थी। ग्रामीणों की शिकायत का डीएम ने संज्ञान लेकर एसडीएम कोंच ज्योति सिंह को जांच करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद एसडीएम ने जगनपुरा पहुंचकर गौशाला की हकीकत देखी तो वहां पर एक भी गौवंश नहीं मिला और न ही गौशाला की देखरेख करने वाला कोई कर्मी मौके पर मिला था। इसके बाद एसडीएम ने अपनी आख्या जिलाधिकारी के पास भेज दी थी। जिस पर शुक्रवार को एक्शन हुआ जिसमें ग्राम प्रधान जगनपुरा के पॉवर सीज करने के साथ ही ग्राम विकास अधिकारी सचिन वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लाक कार्यालय जालौन में सम्बद्ध कर दिया गया अब जगनपुरा गौशाला में बरती गयी लापरवाही की जांच माधौगढ़ बीडीओ करेंगे। ज्ञातव्य हो कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल गौशालाओं के संचालन में लापरवाही बरतने वाले ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी पर कार्यवाही होने से जहां ग्राम प्रधानों में हड़कंप मच गया तो वहीं ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी जिन गांवों में तैनात है।

### खेत में बनी कोठी का अज्ञात चोरों ने काटा ताला

**जालौन,उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में अज्ञात चोरों ने खेत में बनी कोठी का ताला दरवाजा तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। दरवाजा तोड़ने में असफल होने पर चोर भाग गए। पीड़ित किसान ने मामले की सूचना छिरिया सलेमपुर चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है।

छिरिया सलेमपुर निवासी बब्बू पुत्र सतीश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके खेत पर कोठी बनी हुई है और बोरिंग है। 25 जुलाई की रात को अज्ञात चोर ने कोठी के दरवाजे व दीवार तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। कोठी में घुसने के लिए उन्होंने ताला व दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके तो उन्होंने दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# किसान की बाइक में रखी एक लाख की नकदी चुरा ले गये चोर

> पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

बैंक से रुपये निकालकर घर जा रहे किसान की बाइक में रखे लगभग एक लाख रुपये अज्ञात चोरों ने उड़ाए। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम छिरिया खुर्द निवासी किसान राजकुंमार ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई को वह बाइक से जालौन आए थे। कुछ कामकाज निपटाकर उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से घर के जरूरी काम के लिए एक लाख रुपये निकाले और चार हजार रुपये उनके पास पहले से ही थे। रुपये निकालकर उन्होंने बाइक की डिग्गी में रख लिए। जिसके बाद वह वापस अपने गांव बाइक से जाने लगे। बंगरा रोड पर छहपुला के आगे उन्हें लघुशंका की आवश्कता महसूस हुई। उन्होंने सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी और लघुशंका करने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने उनकी बाइक की डिग्गी का ताला खोलकर उसमें रखे रुपये चोरी कर लिए। लघुशंका से जब वह वापस आए तो डिग्गी खुली थी और रुपये गायब थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विद्युत विभाग का कनेक्शन काटो अभियान शुरू

> पांच हजार से ज्यादा बड़े बकायेदारों के काटे गये कनेक्शन

**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र में उतर पड़ी। विभागीय टीम के द्वारा कामर्शियल तथा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने वसूली करने का अभियान चलाया गया।

उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, टीजीटू अभिषेक कुमार की टीम एकत्रित हो गई। टीम के द्वारा मिर्जा मंडी दमदमा,



हरीगंज, भट्टीपुरा, जुलैहटी बाईपास रोड आदि मुहल्लों में प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चैकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 5 हजार से ज्यादा के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। अभिषेक कुमार, रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फहमीद खान, अजय कुमार निगम आदि लाइनमैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।



### विद्यार्थी परिषद ने निकाली बाइक रैली

**जालौन,उरई।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर उरई से निकली बाइक रैली का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। स्वागत के बाद रैली को शहीद स्मारक हदरूख के लिए रवाना किया। जहां विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर उरई से बाइक रैली शहीद स्मारक हदरूख के लिए रवाना हुई। तीन मई 1999 से शुरू हुआ कारगिल युद्ध 84 दिन चलने के बाद 26 जुलाई को कारगिल में भारतीय तिरंगा लहराने के बाद समाप्त हुआ था। कारगिल शहीदों की याद व शौर्यगाथा की देश 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर उरई से पूर्व सैनिक वेलफेयर एशोसियेशन व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में बाइक रैली निकाली गई।

# सत्ता के संरक्षण में चल रहा किसानों की जमीनें हड़पने का खेल

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

सपा सरकार में मंत्री रहे तेज नारायण पांडेय ने शुक्रवार को चर्चित लोढ़ा ग्रुप पर बड़ा हमला बोला। श्री पांडेय ने कहा कि लोढ़ा ग्रुप किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जे का प्रयास कर रहा है। लोढ़ा ग्रुप के इस प्रयास में साथ रहने वाले बाउंसर किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं लेकिन जिले के अधिकारी किसानों का दर्द सुनने और उनकी मदद करने को तैयार नहीं है। श्री पांडेय ने बताया कि दिल्ली के डॉ सुखदीप सिंह ने माझा बरहटा में एक जमीन ले रखी थी जिसका उन्होंने बैनामा लेने के बाद दाखिल खारिज भी कर ली थी।इसके बावजूद भी लोढ़ा ग्रुप के लोगों की नजर उस जमीन पर गड़ गई और उसे



कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया गया। इतना ही नहीं,इसी जमीन के बगल में एक पांडेय परिवार ने भी जमीन ली है।इन दोनों जमीनों पर बाउंड्री भी हो गई लेकिन एक महीने बाद लोढ़ा ग्रुप के लोगों ने बुलडोजर से पूरी बाउंड्री को गिरा दिया।मामले में पीड़ित परिवार अधिकारियों के यहाँ दौड़ता रहा लेकिन किसी भी अधिकारी के यहां पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं की गई। भाजपा पर निशाना साधते हुए पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उस अयोध्या में राम राज्य और कानून का राज होने की बात करते हैं जहां का किसान रो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हारने के बाद भी भाजपा की हठधर्मिता और मजलूमों,किसानों और नौजवानों के साथ दुर्व्यवहार कम नहीं हुआ है। सपा पूरी शिद्दत के साथ पीड़ित किसानों की इस लड़ाई को लड़ेगी और किसी भी कीमत पर किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में की समीक्षा बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा पेंशन को आधार से लिंक करने, मनरेगा आदि कार्यो के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने 35 जले हुए ग्रामों के अंतर्गत वर्तमान में अभिलेख बनाए जाने के कार्य की जानकारी लेते हुए कहा कि जिस प्रकार उस्मानपुर, नन्दलालपुर और करनौली ग्रामो के अभिलेख बनाये जाने की प्रक्रिया अपनाई गयी है, एसीओ, कानूनगो और लेखपालों की संख्या बढ़ाकर शेष ग्रामो में भी यही प्रक्रिया अपनाकर कार्य को जल्द पूर्ण किया जाये। कहा कि ग्राम उस्मानपुर में जो0च0आ0पत्र-45 बनाकर किसानो को वितरित किये जा चुके है, ग्राम की जिल्दे तैयार हैं यथाशीघ्र धारा-52 का प्रस्ताव प्रेषित किया जाये और अभी खेत खाली है जो चकरोट कब्जा किये हैं उन्हे खाली कराया जाये। कहा कि सरदामई में 492 खातो के सापेक्ष 464 खातो का 22 कालम पेशानी में अंकन किया जा चुका है, शेष खातो का अंकन जल्द पूर्ण किया जाये। ग्राम कटिघरा में ग्राम के बन्दोबस्त व आधार वर्ष खतौनी की पोस्टिंग पूर्ण हो चुकी है, आगे के कार्य की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वच्छता जरुरी है इसमें लगकर कार्य करें। स्वच्छता का मॉडल बहुत अच्छा है, इसे अच्छे से अपनाया जाये, जिससे गांव भी स्वच्छ और सुन्दर लगे। कितने रिक्शे लगेगे, मैन पावर का खर्च आदि खर्च जोड़ा जाये और एक घर से कूड़ा उठाने में कितना खर्च आता है, पूरा प्लान बनाये। गांवो में कूड़ा उठान गाड़ियो की संख्या बढ़ाई जाये। चयनित किये गये गांवो में डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। गीला व सूखा कूड़ा, प्लास्टिक, कॉच आदि की छटनी की जाये, जिससे कूडा कलेक्शन व उसके डिस्पोजल में आसानी रहे। गांव के नाले, नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराये, जिससे बरसात में कही जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होने निर्देश दिये कि मॉडल शाप के अन्तर्गत 43 दुकानो का पूर्ण हो चुका है, मॉडल शॉप दुकानो की संख्या बढ़ायी जाये और सभी दुकानो में विद्युत कनेक्शन कराये जायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, डीएफओ हेमन्त सेठ, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मृतक बच्चों के परिजनों को पूर्व राज्यमंत्री ने सौंपी आर्थिक सहायता



मृतक बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता देतीं पूर्व राज्यमंत्री — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**विगत** दिनों पूर्व समधन के मोहल्ला गर्दाबाद में तालाब में नहानें गये एक ही मोहल्ले के चार बच्चों की गहरे पानी में डूबकर मृत्यु हो गई थी। जिसमें शासन द्वारा भेजी गई आर्थिक सहायता को पूर्व राज्यमत्री अर्चना पाण्डेय नें मृतक बच्चों के परिजनों को सौंपकर संवेदना व्यक्त कीं। बीतीशाम क्षेत्र के कस्वा समधन के मोहल्ला गर्दाबाद में समर्थकों के साथ पहुंची पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त, चेयरमैन आसमा बेगम व उनके प्रतिनिधि अखलाख हुसैन सिददीकी के साथ चार मृतक बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपयों की आर्थिक सहायता प्रदान करनें के उपरान्त मृतक बच्चों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुये हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार समस्त प्रदेश वासियों के सुख दुख में सदैव साथ रही है। इस दौरान राहुल पाण्डेय, फहमीर हुसैन, भाजपा नेता दीपू शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने तिर्वा तहसील का किया औचक निरीक्षण

- कम्प्यूटर कक्ष में एक अन्य काउंटर बढ़ाने का दिया निर्देश
- आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ला

**जिलाधिकारी ने** शुक्रवार को तिर्वा तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने मुख्यमंत्री पोर्टल से सम्बन्धित आने वाली शिकायतों व उसके निस्तारण को लेकर जानकारियां हासिल की। कम्प्यूटर कक्ष में लोगों की भीड़ अधिक देख उन्होने एसडीएम को निर्देश देकर कम्प्यूटर कक्ष में एक अन्य काउंटर शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही अफसरों को हिदायत कि आईआरजीएस से सम्बन्धित सभी शिकायतों का समय से गुणवत्ता पूर्ण ढ़ंग से निस्तारण करें। तिर्वा तहसील का औचक निरीक्षण करने के बाद डीएम शुभ्रान्त शुक्ला ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों से उन्हे शिकायतें मिल रही है कि तहसीलए कोतवाली व ब्लाक में फरियादियों की शिकायतें नहीं सुनी जा रही है। इसके अलावा आईआरजीएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के मामले में भी खानापूर्ति की जा रही है। इसको लेकर उन्होने शुक्रवार की दोपहर तिर्वा तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोई विशेष खामी नहीं पाई गई। कुछ कमियों को लेकर एसडीएम अशोक कुमार को निर्देश दिया गया है। कम्प्यूटर कक्ष में भीड़भाड़ को लेकर एक अतिरिक्त काउंटर लगाने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अशोक कुमार सहित कई अफसर मौजूद रहे।

## एडीएम व एएसपी ने आरटीओ कार्यालय पर की छापेमारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आर.टी.ओ. कार्यालय के बाहर ड्राइविंग लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूवल कराने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले 14 दलालों को हिरासत में लिया गया।

लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर आर.टी.ओ. कन्नौज के बाहर कुछ लोगों ने अपनी दुकाने एवं झोपडिया खोली हुई है जो कि आर.टी.ओ. कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेन्स एवं ड्राइविंग लाइसेन्स रिन्यूवल आदि काम करवाने हेतु लोग जाते है। उन लोगों से यह कहकर कि तुम्हारा काम हमारे माध्यम से हो सकता है। एवं काम कराने के बदले में अवैध वसूली करते है एवं ये लोग काम करवाने हेतु आने वाले लोगों को यह कहकर धमकाते है। कि यदि तुम लोग हमारे माध्यम से काम नहीं करवाओगें तो तुम्हारा काम नही होने देगे।

# कर्मचारियों की मन मर्जी के चलते जनता को नहीं मिल पा रही कोई सुविधा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** परिवहन निगम के द्वारा छिबरामऊ बस स्टॉप का सुंदरीकरण जनता की सुविधा के लिए कराया गया लेकिन कर्मचारियों की मन मर्जी के चलते जनता को नहीं मिल पा रही कोई सुविधा। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत बस स्टेशन का सुंदरीकरण कर कराया गया कार्य संपन्न होने के बाद शुभ उद्घाटन किया गया लेकिन कर्मचारी अधिकारी की मनमर्जी के चलते यात्रियों को कोई सुविधा मौर्य नहीं हो पाई कर्मचारी खाली बस पुरी बायपास पर ले जाकर खड़ी कर लेते हैं वहां पर सवारी लेते हैं बस स्टैंड पर यदि कोई सवारी आ भी जाती है तो कर्मचारियों द्वारा उसकी पूर्व बाईपास जाने के लिए कहा जाता है बाईपास से ही बस मिलेगी यहां से नहीं मिलेगी जबकि जो गाड़ी बस स्टॉप से जाती है वह गाड़ी बाईपास पर मिलती है यहां से खाली ले जाएंगे वहां पर जाकर सवारिया ले जाएंगे कोई भी बाहर की गाड़ी सवारी लेकर बस स्टैंड पर नहीं आती है जब अधिकारियों से दूर भास्कर संपर्क करने की कोशिश की गई किसी का फोन नहीं लगा देर रात्रि में यात्रियों को बस से बाईपास पर उतार दिया जाता है यात्री ब व्यापारी को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है हाल ही में लखनऊ आगरा हरिद्वार मथुरा बसों का संचालन किया जाता था अधिकारियों ने बंद कर दिया केवल छिबरामऊ से दिल्ली आगरा रोड पर बस का संचालन किया जाता है।

# खबरें चलते-चलते

## सड़क किनारे लेटे अधेड़ को डीसीएम ने रौंदा मौत

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** क्षेत्र के नादेमऊ कस्बा में सड़क किनारे लेते अधेड़ को सामने से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम ने रौद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहरा मच गया सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गई मृतक के बेटा ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के किशनपुर बंजारा गांव निवासी भूरा सिंह (55) पुत्र तहस सिंह मंगलवार को पैदल नादेमऊ बाजार करने गया था इस दौरान अधेरे ने शराब पी ली और शराब के नशे में सड़क किनारे लेट गया तभी सौरिख की तरफ से जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम अंधेर पर चढ़ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंचें प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने शव को पोस्टमार्टम भेजने का प्रयास किया तो परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया। घटना से पत्नी राजकुमारी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।बेटा आकाश ने डीसीएम एवं चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रहे वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार युवक की मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मूसरी निवासी राममूर्ति देवी पत्नी श्याम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 20 जुलाई की शाम 04 बजे उसका पति साइकिल पर सवार होकर घर की ओर आ रहा था जैसे ही क्वालिटी कोल्ड स्टोरेज के पास हाईवे पर पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे वाहन के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पति श्याम सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जान शुरू कर दी गई है।

## मुकदमे की रंजिश में युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन मुकदमे की रंजिश के चलते युवक के साथ एक अन्य युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना लुनार के ग्राम सौरंगपुर निवासी मेवाराम पुत्र चुरेही लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 25 जुलाई को वह व्यक्तिगत कार्य से संयोगिता मार्ग पर जा रहा था। तभी ग्राम पडुआपुर निवासी गिरीश पुत्र राम चरण ने उसके साथ मुकदमे की रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## डीसीएम की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रही डीसीएम के अज्ञात चालक ने सड़क किनारे जा रहे वृद्ध के टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पुत्री ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के ग्राम जगतपुर निवासी प्रियंवदा दुबे पुत्री आनंद कुमार द्विवेदी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 25 जुलाई की देर शाम उसके पिता आनंद कुमार द्विवेदी घर की ओर पैदल आ रहे थे। जैसे ही सराय प्रयाग के पास हाईवे के निकट पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रही डीसीएम के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गई घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक ने फांसी पर झूलकर दी जान

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गांव के छह लोगों द्वारा मुकदमे में फंसाने की धमकी से डरे युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ऑनलाइन कारोबार से करोड़ों की ठगी करने वाले गैंग तक पहुंची पुलिस

- पुलिस ने पूछताछ के लिए कई लोगों को लिया हिरासत में

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**संगठित** गिरोह के जरिए ऑनलाइन कारोबार में करोड़ों की ठगी करने वाले एक गिरोह का जल्द पर्दाफाश हो सकता है। कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने इस मामले में संयुक्त पहल कर जिले से कई लोगों को उठाया है। पुलिस इनसे अज्ञात स्थान पर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

कोतवाली पुलिस का दावा है कि जल्द ही करोड़ों की ठगी का खुलासा हो जाएगा। साथ ही इस धोखाधड़ी के कारोबार में जुटे गिरोह के सदस्यों तक पुलिस पहुंच चुकी है। जल्दी इन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। क्षेत्र में पिछले कुछ महीनो से ऑनलाइन धोखाधड़ी की कई शिकायतें आ रही थी। विभिन्न एपों तथा ऑनलाइन लिंको के जरिए लोगों के बैंक खातों से धनराशि गायब कर देने के मामले लगातार बढ़ रहे थे। इन तमाम शिकायतों को लेकर जिले की साइबर टीम सक्रिय थी। कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम क़ी पिछले दिनों से चल रही संयुक्त जांच पड़ताल में कई चौंकाने वाले मामले सामने आए थे। इस पर पुलिस गंभीरता से आगे बढ़ी, तो कई चेहरों को पहचान गया। उनके खातों की जब जांच पड़ताल कराई गई, तो करोड़ों की ठगी के मामले सामने आए। इस मामले में अभी पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। मामले में जब तिर्वा कोतवाली प्रभारी से पूछा गया तो उनका कहना था कि जांच पड़ताल जारी है। पुलिस टीम को जल्द सफलता मिल जाएगी। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के संबंध में उप जिलाधिकारी को सौंपा लिखित ज्ञापन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**भारतीय** किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारी ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के संबंध में उप जिला अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जिला सचिव उदयवीर सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी छिबरामऊ को सौंपा गया जिसमें बहबलपुर वार्ड नं 2 पटेल नगर में कुछ दबंग लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसमे मकान बना कर निर्माण कार्य भी कर लिया गया है राधेश्याम पुत्र बेचें,अरविंद नागर ब राजू नागर पुत्र जगदीश नट, मुनेठी, विमिलश पुत्र मलखान नागर एवम अन्य लोगो द्वारा कब्जा कर लिया गया है कई बार शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई मामले की जांच कर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कृपा करे इस मौके पर जिला सचिव उदयवीर यादव,जयचंद यादव,जिला महामंत्री शैलेश यादव,जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा,विपिन कुमार,शिवेंद्र कुमार, अंजू पटेल आदि मौजूद रहे।

## तीन पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वन विभाग की पॉच बीघा सरकारी भूमि पर तीन लोगों ने जोत कर कब्जा करने के प्रयास के मामले में वन दरोगा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को वन दरोगा राजकुमार शाह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि ऊंचा वन ब्लॉक ग्राम बनियानी स्थित पांच बीघा सरकारी भूमि को ग्राम बनियानी निवासी बेचेलाल पुत्र मेवाराम, मोहन पुत्र बेचेलाल, पंकज पुत्र सरमन ने जोत कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया। वन दरोगा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला अधेड़ का शव

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के हीरापुरवा गांव में गुरुवार की रात एक अधेड़ ने घर में अंगोछा की मदद से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे को ठठिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हीरापुरवा गांव निवासी संतराम (50) पुत्र बाबूराम किसान थे। खेतीबाड़ी करके वह अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग सोने चले गए। देर रात्रि संतराम ने घर के बरामदे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शुक्रवार की भोर जब परिजनों ने उसके शव को फंदे से लटकता देख, तो कोहराम मच गया। सूचना पर ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भोजन की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर बीईओ को दिया शिकायती पत्र

- क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने भोजन में पाई जाने वाली अनियमितता के खिलाफ जांच कराने की मांग की

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज



बीईओ को शिकायती पत्र देते क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि

**कस्वे के** प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को अभिभावकों के द्वारा मिली शिकायतो पर विद्यालय जाकर बच्चो को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा तो पानी वाली दाल मिली। मेन्यू में दिन गुरुवार को सब्जी युक्त दाल लिखा था। लेकिन सब्जी तो नही सिर्फ दाल मुहैया कराई जा रही थी। जिसमें दाल में पानी और नमक की मात्रा अधिक पाई गई। जिसको लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गौतम दुबे ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मिड डे मील की गुणवत्ता को लेकर लिखित सूचना पत्र खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा के द्वारा सौपा है। और भोजन में पाई जाने वाली अनियमितता के खिलाफ जांच कराने की माँग की है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र- छात्राएं हमारे अपने है और अपने क्षेत्र के बच्चों के साथ मैं ऐसा दुर्व्यवहार नही होने दूँगा। विद्यालय के शिक्षक दीपक सिंह के खिलाफ कई बार लोगो ने शिकायत की है उनका ब्यबहार अभिभावकों के साथ संतोषजनक नही है। सूचना पत्र के माध्यम से कार्यवाही करने की माँग खंड शिक्षा अधिकारी से की है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके इस दुर्व्यवहार को लेकर मुझे में कई लोगो ने बताया है। मिड डे मील के भोजन की गुणवत्ता को परखा जाएगा ताकि छात्रों को बेहतर भोजन मिल सके। उनके खिलाफ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा जाएगा।

**निर्देश** — अधिकारियों/ कर्मचारियों अग्रिम आदेश तक वेतन रोकते के दिए निर्देश

# सीडीओ ने विकास भवन का किया निरीक्षण, कई विभागों के अधिकारी मिले नदारद

- अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण उपलब्ध करने के निर्देश दिए

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़



विकास भवन कार्यालय में निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**मुख्य विकास** अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने विकास भवन में अधिकारियों के कार्यालय का 10:15 बजे औचक निरीक्षण किया।

जिसमें समाज कल्याण विभाग के सहायक प्रबंधक विनीत कुमार सिंह, पशुपालन विभाग के कनिष्ठ सहायक राजकुमार 19 जुलाई से लगातार अनुपस्थित कनिष्ठ लिपिक रेनू यादव, सहायक आयुक्त एवं निबन्धन सहकारिता अधिकारी राजीव लोचन शर्मा, उद्यान विभाग रमेश चन्द्र यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र सिंह, डी.सी. अनूप बाजपेई, डी.सी.एम. अमितेष पाठक, कृषि रक्षा विभाग की कनिष्ठ सहायक, जिला कृषि अधिकारी सहित आदि अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के समय अनुपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकते हुए अनुपस्थित रहने के संबंध में अपना सुस्पष्ट स्पष्टीकरण उपलब्ध करने के निर्देश दिए। इस दौरान पाया गया कि सहायक अभियंता लद्यु सिचाई डॉ सिखा सचान जनपद मुख्यालय पर नही रहती है। जिसमें प्रायः निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पायी जाती है। आम जनमानस एंव जनप्रतिनिधियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी नही हो पाती है। संज्ञान में यह भी आया है कि सप्ताह में 1 या 2 दिवस ही कार्यालय में उपस्थित रहती है। और वह भी अपरान्ह 02-03 बजे कार्यालय ही नही बल्कि जनपद मुख्यालय भी छोड़ देती है। उन्होनें जिला प्रोबेशन कार्यालय में आधार सत्यापन हेतु बुलाएं गए लाभार्थियों से जानकारी की। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारियों के कक्ष एंव कार्यालय कक्ष में साफ-सफाई का अभाव पाया गया तथा कार्यालय में अलमारी, मेज, कुर्सी, आदि का रखरखाव ठीक नही पाया गया। अधिकांश कार्यालयों मे अलमारी, कुर्सी टूटी पायी गई। जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अन्दर अपने कार्यालय का रखरखाव सही करें। भविष्य में निरीक्षण के दौरान इस तरह की पुनरावृत्ति न पायी जाएं।






# माफिया पर चला प्रशासन का हंटर, पैमाइश के बाद गिराई गई दीवार

- लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**तहसील क्षेत्र** के ग्राम पंचायत खुटिया के गांव सिया निवासी ग्रामीणों द्वारा तहसील समाधान दिवस में जिला अधिकारी डॉक्टर बी0के0 सिंह को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें ग्रामीणों ने दर्शाया की गाटा संख्या 192 में प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। जिसकी बाउंड्री ग्राम प्रधान के द्वारा बनवाई गई, लेकिन ग्रामीणों ने समझौते में विद्यालय की बाउंड्री 3 मीटर रास्ता छुड़वाकर उठवादी, लेकिन गांव के माफिया दबंग सोनू, मनोज पुत्रगण वीरपाल व किशोरी पत्नी वीरपाल के द्वारा ग्रामीणों के द्वारा समझौते में छोड़ी गई रास्ते पर दबंगों द्वारा जबरिया कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई। जिसकी शिकायत उदयवीर पुत्र गजराज सिंह निवासी सिया के द्वारा जिला अधिकारी से समाधान दिवस में की गयी। जिसका संज्ञान लेकर मौके पर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी रवींद्रनाथ राय, हल्का इंचार्ज गंगा सिंह तथा राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पैमाइश के बाद राजस्व विभाग की टीम के द्वारा निशान लगा दिए गए। जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने रास्ते पर बनी दीवार को तोड़कर जमींदोज कर दिया। प्रदेश में योगीराज में भी माफिया सक्रिय बने हुए हैं जिनके कारण आम जनता में भय व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया उपरोक्त दबंगों द्वारा बीते वर्षों पूर्व तहसीलदार पर भी हमला किया जा चुका है। वहीं उप निरीक्षक से मारपीट करने का मामला इनके विरुद्ध दर्ज है। फिर भी दबंग माफिया खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं लेखपाल उदय प्रताप के द्वारा तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर धारा 329 (4) सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण 3/4 अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। उप जिला अधिकारी अतुल कुमार ने बताया है कि माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।


दीवार को गिरवाते एसडीएम व तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी आदि — समृद्धि न्यूज

# ई-केवाईसी के नाम पर कोटेदार करवा रहा ग्रामीणों से अवैध वसूली

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों व ई-पॉश मशीन ली कब्जे में

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**ई-केवाईसी के** नाम पर ग्रामीणों से कोटेदार द्वारा 50-50 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों व ई-पॉश मशीन को कब्जे में ले लिया। एसडीएम का कहना है कि जांच करवाकर कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा कोटेदारों को उपभोक्ताओं के केवाईसी कराने के आदेश दिये गये हैं। जिस पर कोटेदारों द्वारा केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। ब्लाक राजेपुर क्षेत्र के खंडौली ग्राम का कोटेदार राजकुमार ग्रामीणों से केवाईसी कराने के नाम पर 50-50 रुपये की अवैध वसूली गांव के दो युवकों से करवा रहा है। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने लेखपाल अमित शुक्ला से शिकायत कर दी, तो लेखपाल ने ई-केवाईसी के नाम पर वसूली कर रहे लोगों को पकड़ लिया तथा एसडीएम तथा थाना पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा ई-पास मशीन व दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया। जब ई-केवाईसी के नाम पर रूपयों की ठगी की जाती है, तो जब राशन जनता लेने जाती होगी तो उसके साथ क्या हाल होता होगा। उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच करवाकर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


ई-पॉश मशीन लेकर वसूली करते युवक

# खबरें चलते-चलते

## शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में कारगिल विजय दिवस का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन कियागया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन.सी.सी. 4 यूपी गर्ल्स बटालियन के हवलदार मनोज कुमार मिश्रा व हवलदार नायक भूपेन्द्र सिंह रहे। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने पोस्टर बनाओ, निबन्ध लिखो एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बच्चों को विस्तार जानकारी दी। एनसीसी हवलदार मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सैनिक हमेशा अपनी जान हथेली पर रखकर घूमते हैं और देश की सुरक्षा करते हैं। वहीं हवलदार नायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सैनिक भारत माँ की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये और सभी की लगनशीलता की प्रशंसा की। इस दौरान एन0सी0सी0 की ले0 शिल्की मिश्रा, ममता सिंह, सन्तोष शर्मा, लक्ष्मी गंगवार, अक्षिता यादव, रश्मि गंगवार, इन्दू दीक्षित, राकेश यादव, विकास श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, मनोज कुमार, प्रियांशी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## सीओ ने चलाया चेकिंग अभियान दर्जनों बाइकों के किये चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बढ़ती घटनाओं को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी में कस्बे के चौराहे पर थाना पुलिस के साथ सघन चेकिग अभियान चलाया। कस्बा नवाबगंज चौराहे पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी, संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी देखकर करीब एक दर्जन बाइकों के चालान क्षेत्राधिकारी ने किये। इसके बाद क्षेत्राधिकारी ने चौराहे पर संदिग्ध दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। जहां रोड के बाहर लगी दुकानों पर कुछ लोग शराब पी रहे थे। जिन्हें हिदायत देकर भगा दिया और दुकानदारों को हिदायत देते हुए बताया कि वह खुलेआम चौराहे पर किसी को शराब ना पिलाएं। ऐसा करते पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकार मोहम्मद अरुण कुमार, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा नरेश चंद्र, क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद गौतम, हेड कांस्टेबिल गणेश प्रसाद, दरोगा गिरीश चंद्र तथा अधिक संख्या में थाना पुलिस मौजूद रही।

## वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय द्वारा फरार चल रहे वारंटियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप, कांस्टेबिल अनुज कुमार, घनश्याम, राहुल सहित पुलिस दलबल के साथ छापेमारी कर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरगंज निवासी रामवीर उम्र 46 वर्षीय पुत्र दयाराम, मुआलाल उम्र 45 वर्षीय पुत्र वटेश्वर, कुंवर सिंह उम्र 50 वर्षीय पुत्र दरवारीलाल, धर्मेन्द्र कश्यप पुत्र रामप्रकाश निवासी रामनगर रायपुर, चन्दन उम्र 27 वर्षीय पुत्र सन्तराम, अरविन्द उम्र 32 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र, भोले उर्फ अमित पुत्र राजेन्द्र, प्रेमनगर निवासी अनिल उम्र 50 वर्षीय पुत्र प्रकाश को गिरफ्तार कर मेडीकल परीक्षण करवाकर न्यायालय मे पेश किया।

## लड़की को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने लिखाए गए मुकदमे में बताया 23 तारीख दिन मंगलवार की रात को मेरी 19 वर्षीय पुत्री परिवार के साथ सो रही थी। रात में बिना बताए घर से चली गई। अपने साथ में मोबाइल लेकर गई है। पीड़ित को जब जानकारी हुई तो उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन पता नही जटा। बाद में पता चला कि उसकी पुत्री को परीक्षित जाटव पुत्र सुरेश निवासी गांव सिकंदरपुर थाना नवाबगंज भगा ले गया है।

# एम्बुलेंस व्यवस्था हुई बदहाल, घंटों घटनास्थल पर तड़पती रही महिला

- फोन करने के बाबजूद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस, जिम्मेदार कौन?

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**स्वास्थ्य विभाग** पर एक बार फिर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। जिले में दर्जनों एंबुलेंस कंडम पड़ी हुई हैं इसका जिम्मेदार कौन है। जिसके कारण जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। वहीं एंबूलेंस समय से न पहुंचने से घंटों घायल मरीज सड़कों पर तड़पते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव गूजरपुर पमारान निवासी कुंती पत्नी नेकराम उम्र लगभग 58 वर्ष जो अपने घर से अपने पुत्र धर्मवीर की दुकान पर पैदल जा रही थीं, तभी थाना कलान क्षेत्र के दारानगर पटना निवासी सचिन पुत्र शिवपाल दवा लेने के लिए कस्बा राजपुर आ रहे थे, तभी एक्सीडेंट हो गया। इस दुर्घटना में पैदल जा रही महिला कुंती गंभीर रूप से घायल हो गई तथा बाइक सवार सचिन के भी चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा एंबुलेंस को दर्जनों बार फोन किया गया, लेकिन घंटों इंतजार करने के बावजूद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऑटो के द्वारा मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रमित राजपूत ने घायल महिला को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायल सचिन का सीएचसी में इलाज चल रहा है। पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल को हिरासत में ले लिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग पर ऐसी लचर व्यवस्था को देखकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।


घटनास्थल पर मौजूद घायल महिला व ग्रामीण

# मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**बीती 20** जुलाई को अज्ञात वाहन की टक्कर से थाना क्षेत्र के गांव आसमपुर निवासी नरेश उर्फ भोले पुत्र कालेश्वर उम्र 58 वर्ष देर रात्रि कस्बा अमृतपुर से साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान बुजुर्ग को मारुति शोरूम के नजदीक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना पर थाना अध्यक्ष व चौकी इंचार्ज विमल कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायल वृद्ध को सीएचसी राजेपुर एंबुलेंस की सहायता से भेजा गया था। घायल वृद्ध की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया था। हालत में सुधार न होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया गया था। जहां इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


मृतक का फाइल फोटो

# 16 वाहन सीज, लगाया चार लाख 19 हजार जुर्माना

- एक डग्गामार बस भी पकड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वीके सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा राजेपुर तथा अमृतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ चेकिंग करते हुए 15 वाहनों को सीज कर दिया गया तथा 3.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सीज किए गए वाहनों में सात वाहन ऑटो रिक्शा थे, जिनकी फिटनेस समाप्त थी तथा परमिट के विरुद्ध संचालित हो रहे थे। तीन ओवरलोड ट्रकों को भी पकड़कर सीज किया गया। इसके अतिरिक्त एक ट्रैक्टर ट्राली को स्टेशन की रैक से सीमेंट अल्लागंज ले जाते हुए पकड़ा गया। शेष वाहन बिना कर जमा किए संचालित हो रहे थे। थाना राजेपुर में 10 तथा थाना अमृतपुर में पांच वाहन सीज किए गए। नगर में चेकिंग करते हुए एआरएम राजेश कुमार तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार के साथ एक डग्गेमार बस पकड़ी जो हरदोई से लुधियाना के लिए सवारियां लेकर जा रही थी। बस के सभी प्रपत्र जैसे रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र सही थे, परंतु बस में 106 सवारियां ले जाए जा रही थी। इस बस को पकड़कर परिवहन निगम के बस अड्डे पर सीज कर दिया गया तथा उस पर 31000 का जुर्माना लगाया गया।


पकड़ी गयी बस के साथ अधिकारी

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव सिंगुरापुर निवासी तेजराम पुत्र बनवारी लाल ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि पीड़ित सीएस कोल्ड स्टोरेज में मैनेजर है। एक महीना पूर्व रजीपुर के मजरा हाजी नगला निवासी गौरव गुप्ता पुत्र प्रभाकर उर्फ पप्पू गुप्ता मेरे पास आए और मुझसे 5 पैकेट आलू के उधार लेकर गए। मुझसे कहा था कि रुपए तीन दिन बाद दे दूंगा, लेकिन उन्होंने रुपए नहीं दिए। जिस पर मैंने उनसे कई बार तगादा किया। 24 जुलाई को मैं रजीपुर में नन्हे पान वाले की दुकान पर खड़ा था, तभी प्रभाकर गुप्ता उर्फ पप्पू अपनी पत्नी सुनीता के साथ में आए और मुझे गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने गाली देने से मना किया, तो सुनीता ने मेरे ऊपर चप्पल चला दी तथा प्रभाकर गुप्ता उर्फ पप्पू ने लात-घूसा चलने लगे। दोनों लोगों ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए लोगों के द्वारा समझाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकियां देते हुए चले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सर्विलांस टीम ने 25 लाख 50 हजार के 101 मोबाइल किये बरामद

- पुलिस अधीक्षक ने फोन स्वामियों को सौंपे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सर्विलांस टीम** ने लोगों के खोये हुए 101 मोबाइल बरामद किये। पुलिस अधीक्षक ने उनके स्वामियों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपने खोये हुए मोबाइलों को बरामद करने की मांग पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से की थी। जिस पर सर्विलांस टीम के इंचार्ज विशेष कुमार व अन्य लोगों ने मोबाइल की सुरागरसी कर 101 मोबाइलों को बरामद कर लिया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल फोन के स्वामियों को बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंपे। मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख 50 हजार रुपये बतायी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के जमाने में मोबाइल फोन लोगो के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मोबाइल में लोगो का प्राइवेट डाटा और महत्वपूर्ण डाटा रहता है मोबाइल खो जाने पर उन्हें परेशानी होती है। सर्विलांस टीम ने कड़े परिश्रम के बाद 101 मोबाइल फोन को बरामद किया है। जिन्हें उनके स्वामियों को सौंपा जा रहा है। खोये हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।


उपभोक्ताओं को मोबाइल वितरित करते पुलिस अधीक्षक

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव शौचालय के टैंक में मिला

- परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप, पुलिस ने की जांच पड़ताल


शौचालक का टैंक जिसमें टिका मिला शव

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में अधेड़ का शव शौचालय के टैंक में मिला। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा मोहम्मदाबाद के रविदास नगर निवासी हकीम सिंह ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका 55 वर्षीय भाई भीकम पुत्र वंशी की बीती रात्रि किसी अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। भीकम की शादी नहीं हुई थी। भीकम काशीराम कालोनी रविदास नगर में 11 नंबर ब्लाक में परचूनी का खोखा चलाया करता था। वह काशीराम कालोनी में ही रहा करता था। वह बीती रात्रि अपने भाई के घर से खाना लेकर लगभग 8 बजे आया था। सुबह भीकम की मां राम पोती ने सुबह गांव के ही भतीजे दीपू पुत्र राधेश्याम से कहा कि छत पर जाकर देखो मेरा पुत्र सो रहा है उसे जगा दो। दीपू ने ऊपर जाकर देखा तो भीकम छत पर नहीं था। इधर उधर खोजने पर पीछे बने शौचालय के टैंक में मृतक अवस्था में टिके मिले। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी ने जांच पड़ताल की। एसआई महेंद्र सिंह ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि भीकम सिंह जो खाना लेकर गए थे वह वैसा ही रखा था और वह छत पर लेटा करता था। वह कालोनी के टैंक में कैसे मिला किसी ने भीकम सिंह की हत्या कर दी है। भीकम के छोटे भाई हकीम सिंह पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माता रामपोती का रो-रोकर बुरा हाल है।


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**बैठक** | ईज ऑफ डूईंग विजनेस की श्रेणी में जनपद को चौथा स्थान

# लंबित प्रकरणों का 15 दिन में निस्तारण करें बैंक: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में समिति को अवगत कराया गया कि ईज ऑफ डूईंग विजनेस की श्रेणी में जनपद को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों के 05 प्रकरण लंबित हैं। जिलाधिकारी द्वारा लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि बैंकों द्वारा लोन स्वीकृति में विलम्ब किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व बैंकों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का 15 दिन में निस्तारण करें। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुये हैं जिन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु बैंकों को भेजा गया है। जिसमें से 25 आवेदकों का ऋण बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया है। 66 लंबित हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में कुल 187 ऋण आवेदन प्राप्त हुये हैं। 10 आवेदकों का ऋण बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में कुल 20 ऋण आवेदन प्राप्त हुये हैं। जिनमें 06 ऋण आवेदन बैंकों द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी सही आवेदनों को 15 दिन में निस्तारित करने के लिए बैंकों को निर्देशित किया गया।

बैठक में व्यापारियों द्वारा चौक बाजार में बिजली की ट्रिपिंग का मुद्दा उठाया गया। जिसके निस्तारण के लिये अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

## युवक समेत चार ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव मड़ैयन नगला निवासी सागर (20) ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान सागर की पत्नी आरती ने बताया कि हमारी शादी को 6 महीने हुए है। मेरे पति दिल्ली मे काम करते थे। उनका वहाँ काम नहीं लगा, तो वह डेढ़ महीने से हमारे साथ अपनी ससुराल क्षेत्र के गांव लुधइया मे रह रहे है। हमसे या घर मे किसी भी प्रकार की कोई बात नहीं हुई। शाम को घर आये तो शराब पीकर आये और घर मे रखी डाई पी ली। जब उल्टियां हुई और हालत बिगड़ी तब हम अस्पताल लेकर आये। वहीं कम्पिल क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर निरोत्तमपुर निवासी राजवीर की 18 वर्षोय पुत्री माधुरी, कमरुद्दीन नगर निवासी श्यामलता 23 पत्नी महादीप व क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी मंजू देवी 50 पत्नी धर्मेंद्र सिंह ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे तीनों के परिजन सीएचसी लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद माधुरी व मंजू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# डीएम ने सदर तहसील में किया निरीक्षण, मिली खामियां

**साफ-सफाई के साथ कार्य सही करने के बाबुओं को दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डा0 वीके सिंह ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर डीएम ने बाबुओं की जमकर फटकार लगाई।

शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 वीके तहसील सदर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित लिपिकों की फटकार लगाई और शिकायत के चलते तहसील का डीएम ने निरीक्षण किया और भ्रष्टाचार जैसी शिकायत मिलने पर मामले को संज्ञान लिया। साथ ही तहसील परिसर में फैली गदंगी व अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जतायी। डीएम ने तहसीलदार कार्यालय में पत्रावलियों का अवलोकन किया और पेशकार अवधेश वर्मा को दस्तावेजों का रख रखाव ठीक करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रजिस्टार, कानूनगो कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें बैनामा दाखिल खारिज के परवाने की आर-सिक्स में दर्ज न होने पर आरके विवेक पाण्डेय की फटकार लगाई। वहीं नजारत में डाक पत्रावलियों को चेक किया। डीएम ने सब रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बैनामा करा रहे लोगों से कहा कि अगर कार्यालय में किसी प्रकार की कोई रिश्वत ली जाती है तो वह सूचित करें। उन्होंने प्राइवेट व संविदा कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। मालूम हो कि तहसील सदर में विभिन्न पटलों पर प्राइवेट कर्मचारियों का बोलबाला है। इनके द्वारा आए दिन जनता से सुविधा शुल्क वसूला जाता है। शुक्रवार को जैसे ही जिलाधिकारी के औचक निरक्षण की खबर तहसील में फैली वैसे ही समस्त पटलों पर लगे प्राइवेट कर्मचारी चले गए।



तहसील में पटल का निरीक्षण करते डीएम — समृद्धि न्यूज

# विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कैडेट्सों ने पिरामिड बनाकर शहीदों को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आरपी इंटर** कॉलेज कमालगंज में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। विजय दिवस के उपलक्ष में 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेट्स ने देश भक्ति गीत गाकर पिरामिड बनाकर शहीदों को याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने बताया 1999 में कारगिल का युद्ध छिड़ा था। इस युद्ध में कई जवान शहीद हुए थे। यह युद्ध 2 महीने तक चला था। 26 जुलाई 1999 को कारगिल में भारतीय भारतीय सेना ने कारगिल विजय की। कैप्टन बलविंदर सिंह ने बताया कि भारतीय सेना के जवान अपने परिवार के प्रेम को त्याग कर देश प्रेम की तरफ आगे की ओर बढ़ने लगे। बम के धमाकों की आवाज जितनी तेज थी। भारतीय सेना आगे की ओर बढ़ते रहे। कारगिल विजय दिवस पर कैप्टन मनोज पांडे, विक्रम बत्रा, सूबेदार योगेंद्र सिंह यादव, सूबेदार संजय कुमार, कैप्टन अनुज नायर आदि को याद किया गया तथा इनके बारे में बताया गया। इस अवसर पर डॉ0 अमिताभ सिंह, संजीव कुमार, ममता प्रजापति, रामवीर सिंह, कैडेट अभिषेक मिश्रा, रिया कुमारी, सुबोध कुमार, दुर्गा सिंह आदि उपस्थित रहे।




पिरामिड बनाते एनसीसी कैडेट्स

# एनसीसी कैडेट्सों ने कारगिल विजय दिवस पर रीथ चढ़ाकर मनाया रजत जयंती महोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शहीद सैनिकों को याद कर किया वृक्षारोपण**

**कारगिल युद्ध** में विजय हासिल किए जाने के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग आफिसर कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में 26 जुलाई को कारगिल युद्ध में शहीद हुए जावाजों की स्मृति में एनसीसी कैडेट्स के साथ फतेहगढ़ स्थित शहीद स्मारक पर रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर को एकमांडिंग आफिसर कर्नल रोमिल शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत म्युनिसिपल कॉलेज फतेहगढ़, डीएन डिग्री कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, आर्मी पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर कराया गया। शहीद स्मारक पर लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, कर्नल रविंद्र सिंह, 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोमिल शर्मा द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र (रीथ) भेंट कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा किया गया। आर्मी पब्लिक स्कूल की एनसीसी कैडेट श्रेया यादव, कैडेट सौर्य, डीएन डिग्री कॉलेज की एनसीसी कैडेट दिव्या ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए अपना भाषण प्रस्तुत किया। वही लेफ्टिनेंट के गिरिजा शंकर ने कहा कि कारगिल युद्ध 3 मई 1999 को शुरू हुआ था। इस घटना को पाकिस्तान फौज द्वारा गद्दारी करते हुए अंजाम दिया गया। वहां के निवासी द्वारा कारगिल की पहाड़ियों में पाकिस्तान सेना के कुछ जवानों द्वारा चहल-पहल की जानकारी दी गई। 4 जुलाई 1999 को टाइगर हिल पर हमला किया गया। 4875 पॉइंट पर कैप्टन विक्रम दत्ता तथा राइफलमैन संजय कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ हमला किया गया। जिसमें कैप्टन विक्रम दत्त शहीद हो गए। जिनको मारणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया। वहीं राइफलमैन संजय कुमार को भी परमवीर चक्र से नवाजा गया। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल में विजय हासिल की। जिस कारण इसी दिवस को प्रतिवर्ष यह कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानियों के लगभग 2000 सैनिकों को मार गिराया, जबकि भारतीय सेना में भी लगभग 523 जवान शहीद हुए तथा 1300 से अधिक घायल हो गए। शहीद स्मारक पर रजत जयंती महोत्सव मनाने के उपरांत लगभग 75 एनसीसी कैडेट्स ने 65 पौधों का वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का समापन आर्मी पब्लिक स्कूल में कर्नल रोमिल शर्मा तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को शहीदों की शहादत को कभी न भूलने की बात कहते हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए जावांजों की वीडिया क्लिप को दिखाकर किया गया। इस अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल के लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, डीएन डिग्री कॉलेज के केयरटेकर डॉ0 सत्येंद्र सिंह, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, नायक सूबेदार बृजेश सिंह, बीएचएम संजय, हवलदार मनोज, बीबी राणा आदि मौजूद रहे।




कारगिल विजय दिवस पर वृक्षारोपण करते कैडेट्स

## खबरें एक नजर में

### मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने काला फीता बांधकर किया कार्य



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज अमृतपुर, राजेपुर, लोहिया अस्पताल पुरुष एवं महिला कायमगंज, मोहम्मदाबाद, अर्बन सेंटर भोलेपुर, रकाबगंज, साहिबगंज, सिविल चिकित्सालय फर्रुखाबाद तथा अन्य चिकित्सा इकाइयों पर एनएचएम संघ के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर शुक्रवार को काला फीता बांधकर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जारी रखा। शासन स्तर पर कई बार अनुरोध किया गया। उसके बावजूद भी संज्ञान नहीं लिया गया। प्रांतीय व मण्डलीय एवं जनपद की कार्यकारिणी सहित प्रदेश भर में डेढ़ लाख संविदा कर्मचारियों की मूल भूत मांगों को पूरा नहीं किया गया। 26 व 27 जुलाई को काला फीता बांधकर कार्य किया जायेगा। 29 व 30 जुलाई को निर्धारित ड्यूटी के समय एक घंटा कार्य नहीं किया जायेगा। 31 जुलाई व 1, 2 अगस्त को जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जायेगा। 3, 4 व 5 अगस्त को संविदा कर्मचारी भारत सरकार व राज्य सरकार के पोर्टल पर किये जाने वाले समस्त ऑन लाइन कार्य को बंध कर हड़ताल करेंगे। 7 अगस्त को लखनऊ पहुंचकर निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय का घेराव किया जायेगा। सभी स्वास्य केंद्रों पर मांगों को लेकर विरोध जारी रहा और काला फीता बांधकर कार्य किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, साविर खान ने बताया कि जब तक मांगे मानी नहीं जाती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### कारगिल दिवस पर शहीद अमर सैनिकों को किया गया नमन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदीप कुमार सेंगर ने मां भारती व सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने कारगिल विजय दिवस पर भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना बताया। उन्होंने बताया कि यह युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच साल 1999 में हुआ था। पाकिस्तान की सेना भारत की सीमा पर घुसपैठ कर रही थी और एलओसी का कुछ हिस्सा अपने में कब्जे में कर चुकी थी। इस पर भारतीय सेना ने सैन्य अभियान चलाया और चुनौतियों से लड़कर पाकिस्तान सेना का डटकर सामना किया। 26 जुलाई 1999 यह वह तारीख है जब हिंदुस्तान की फौज ने कारगिल में पाकिस्तान सेना को खदेड़ते हुए विजय की पताका दुर्गम पहाड़ियों पर लहराई थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार सेंगर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रामानंद पांडे, वीरेश सिंह, शिव मोहन, कृष्ण कुमार, बृजपाल सिंह, रीतू अग्निहोत्री, आर्तिका शुक्ला, पल्लवी राजपूत, गोविंद प्रसाद, शिवकुमार यादव, आलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कारगिल शहीद दिवस पर पूर्व सैनिक हुए सम्मानित




**मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम में लिया भाग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पार्टी कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शहीद के परिजनों एवं पूर्व सैनिक का सम्मानित किया गया। पार्टी कार्यालय पर मुख्य अतिथि महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि सैनिक अकेला देश सेवा में नहीं जाता है, अपितु उसका पूरा परिवार देश सेवा में समर्पित रहता है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि जब हमारे सैनिक बॉर्डर पर सशक्त तैनात रहते हैं, तभी हम सब अपने त्यौहार सकुशल बनाते हैं। पूर्व सैनिक रामआश्रय श्रीवास्तव, सर्वेंद्र सिंह राठौड, पंकज राठौर, मुनेंद्र चौहान, चंद्रशेखर यादव, जितेंद्र कुमार मिश्रा, शिवनंद लाल पांडे, तिलक सिंह वर्मा, अहिलकर सिंह एवं शहीदों के परिवार से सुधीर सिंह, अभय द्विवेदी, मिथुन, राहुल कुमार आदि का माल्यार्पण एवं शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। जिला महामंत्री कैप्टन डी एस राठौर, जिलाध्यक्ष भाजयुमो मयंक बुंदेला, राजीव मिश्रा, शशांक शेखर मिश्रा, अनुज सिंह राठौड़, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन राहुल राजपूत ने किया। कार्यक्रम में अमर गुप्ता, अंकित तिवारी, विक्रांत तिवारी, अंकित गुप्ता, सत्यम कटियार, मयंक गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को कारगिल शहीद दिवस बढ़पुर स्थित एक होटल में मनाया गया। भारतीय सेना को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाध्यक्ष कैप्टन आरपी अग्निहोत्री ने कहा कि अपने स्वास्थ्य कारणों से संगठन को सुचारु रुप से चलाने के लिए सर्वसम्मति से मुनेश्वर सिंह चौहान को संगठन का अध्यक्ष मनोनित कर कार्यभार सौंपा गया। सभी ने कारगिल विजय दिवस मनाया और सैनिकों के जंबाज कार्य को याद किया। इस अवसर पर संरक्षक ठा0 वीरेन्द्र सिंह राठौर, कर्नल रवेन्द्र सिंह, आरपी अग्निहोत्री, मुनेश्वर सिंह चौहान, राकेश सिंह राठौर, एनपी सिंह यादव, रामकरन सिंह चौहान, सीपी सिंह परिहार, श्याम सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सरस्वती** विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज श्याम नगर में प्रातः वंदना में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों एवं प्रधानाचार्य द्वारा वीर शहीदों के चित्रों पर पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेना से अवकाश प्राप्त सैनिक अनिल कुमार तिवारी, शिवम मिश्र ने कारगिल विजय दिवस के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि हर साल 26 जुलाई को भारत में करगिल विजय दिवस मनाया जाता है। करगिल युद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों के बलिदान और शौर्य को याद किया जाता है। यह युद्ध जम्मू-कश्मीर के करगिल जिले में मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था। इस युद्ध में भारतीय सेना के जवानों ने अदम्य साहस दिखाया और दुश्मनों की धूल चाट दी थी। कार्यक्रम में विद्यालय के भैय्या बहिनों ने एक नाटक और अपने अपने भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए। शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने भैया-बहिनों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर के करगिल में पाकिस्तानी सेना को हराया था, लेकिन इस युद्ध में भारत ने अपने 527 जवानों को खो दिया था, जबकि 1363 जवान घायल हुए थे। भारतीय जवानों ने इस युद्ध में अपने खून का आखिरी कतरा देश की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिया था। इन जांबाजों के शौर्य की कहानियां आज भी हमें गर्व महसूस करवाती हैं। कार्यक्रम के संयोजक संदीप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल तिवारी, प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई, प्रधानाचार्य नारायण मिश्रा, शिक्षक रामानुज अग्निहोत्री, शिवम दुबे, रितेश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।



विजय दिवस पर नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# कनोडिया बालिका इं.का. में कौशल दिवस का हुआ आयोजन

**मॉडल एवं चार्ट की लगायी गई प्रदर्शनी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कालेज में शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कौशल दिवस का आयोजन हुआ। स्फिलिंग एण्ड डिजिटल इनिशिएटिव-डे थीम पर शिक्षिका दर्शना शुक्ला ने छात्राओं द्वारा डिजिटल वर्ल्ड के विभिन्न संसाधनों एवं उनके प्रयोगों का क्रियाशील मॉडल, स्थिर मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शनी लगवायी। छात्राओं ने प्रोग्रामिंग भाषा कम्प्यूटर पर प्रदर्शित की। छात्राओं को सामान्य एवं मनोरंजन टॉपिक को एनिमेशन और डिजिटल के माध्यम से बताया गया। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने डिजिटल स्किल्स पर चर्चा की। दर्शना शुक्ला ने दीक्षा एप, प्रेरणा एप, ई-पाठशाला, पीएमई विद्या कार्यक्रम से शिक्षण सामग्री का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने है काथन कोडिंग इवेंट, वर्चुअल लैब की जानकारी दी। विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म से विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करके छात्रायें अपना स्र्वांगीण विकास करें, इसके लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसके लिए छात्राओं से प्रश्नोत्तर पूछे गये। जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। प्रदर्शनी की सराहना की गई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, पूनम शुक्ला, मंजू, राधा दीक्षित, पारुल जैन उपस्थित रही।




पोस्टर के साथ मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

# परिवार पेंशन के लिए पीड़िता ने शासन से लगायी गुहार

**पेंशन के लिए लगा रही कार्यालयों के चक्कर**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के राजीव गांधी नगर निवासी कु0 सुमन सक्सेना ने परिवारिक पेंशन दिलाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग व महिला आयोग तथा जिलाधिकारी को प्रेषित की है।

ज्ञापन में दर्शाया कि मेरे पिता स्व0 शैलेन्द्र कुमार सक्सेना की परिवारिक पेंशन के लिए कई बार व्यक्तिगत प्रार्थना पत्र दिया। 2015 में तहसीलदार सदर की आख्या, वारिसान प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। पीड़िता अविवाहित है। इसकी प्रतिलिपि प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर को भी दी। कई बार कार्यालय जाकर पत्र सौंपा। 9 मार्च 2021 को डॉक द्वारा राजेपुर सीएचसी पत्र भेजा। संबंधित बाबू से कई बार मिली। इसके बावजूद भी परिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिला। प्रार्थनी का काफी दयनीय स्थिति है। ऐसे में वह भुखमरी की कगार पर है। कोई देखरेख करने वाला नहीं है। परिवारिक पेंशन लाभ दिलाये जाने हेतु पुनः मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# आरक्षण दिवस पर छत्रपति शाहू जी महाराज को बसपा नेताओं ने किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नेकपुर कला स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर आरक्षण दिवस के अवसर पर बैठक का आयोजन हुआ। 26 जुलाई 1902 को सबसे पहले छत्रपति शाहू जी महाराज ने आरक्षण की शुरुआत की और अपने राज्य में आरक्षण लागू किया। सभी ने छत्रपति शाहू जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने छत्रपति शाहू जी महाराज के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि वह आरक्षण के जनक थे। मण्डल कोआर्डिनेटर विजय भास्कर ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने अपने राज्य में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का सबसे पहले कार्य किया। वह कोल्हापुर के राजा रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी रामरतन गौतम, अखिलेश कुमार, सुनील अम्बेडकर, आशाराम बौद्ध, सियाराम सागर, सुरजीत बाबू आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता आरडी बौद्ध ने की।



छत्रपति शाहू जी को पुष्पांजलि अर्पित करते बसपा नेता

# आईएमए के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल व सचिव बने डा. प्रशांत श्रीवास्तव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डा. रजनी सरीन ने आगंतुकों का किया स्वागत**

**इंडियन मेडिकल** एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित मंगल गीत के साथ हुआ। डॉ0 रजनी सरीन ने सभी आगंतुको का स्वागत किया और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिन पदाधिकारियो ने संगठन को आगे बढ़ाया उनको शुभकामनाएं दी। डॉ0 सुबोध वर्मा ने कहा भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। जिसमें सभी को गर्व होता है उन्हें आपसी वेशभूषा भाषा रहन-सहन पर गर्व होना चाहिए। पूर्व सचिव सतीश कुमार ने संस्था के कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। समाज में अच्छी मानव सेवा करने वाले डॉक्टर को संस्था के पूर्व अध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा, पूर्व सचिव सतीश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व शाल, पुष्प माला के साथ दर्जनों डॉक्टरों को सम्मानित किया। डॉ0 रजनी सरीन, डॉ0 मेघा, डॉ0 शिखा, डा0 सुधा सिंह, डॉ0 अलका जैन, डॉ सुबोध वर्मा, डॉ0 सतीश, डॉ0 नरेश बचानी, डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ0 शरद गंगवार, डॉ0 ध्रुव, डॉ0 अक्षय गोपाल, डॉ0 रजत कटियार, डॉ0 राधिका सिंह, डॉ0 रंजीत सिंह आदि को सम्मानित किया गया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ0 विपुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष डा0 एसपी सिंह, डॉ0 ओपी महेश्वरी, डॉ0 सतीश कुमार, सचिव डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव डॉ0 विशाल अग्रवाल, नमिता दास, डॉ0 विशाल अग्रवाल, उप सचिव डॉ0 यूआर सिंह, डॉ0 रंजीत गोयल, डॉ0 सुरवीर रस्तोगी, कोषाध्यक्ष डॉ0 अनुराग अग्रवाल, उप कोषाध्यक्ष डॉ0 पुनीत रस्तोगी, सांकेतिक सचिव डॉ0 सिम्मी अग्रवाल, डॉ0 पूनम शर्मा, डॉ0 पारुल गंगवार, डॉ0 जिज्ञासा सिंह, केंद्रीय प्रतिनिधि डॉ0 एमबी सक्सेना, राज प्रतिनिधि डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, डॉ0 प्रत्युष अग्रवाल, डॉ0 एके शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 प्रमोद रस्तोगी, डा0 केएम द्विवेदी, डॉ0 बीके गुप्ता, डॉ0 पी खजूर, डॉ0 अलका जैन, डॉ0 करनाल ऋषिकांत, डॉ0 योगेंद्र सिंह, डॉ0 युवराज सिंह, डॉ0 अंकित शर्मा, डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी, डॉ0 अंकित दास, डॉ0 सुकेशनी अग्रवाल आदि बनाये गये। कार्यक्रम का संचालन डा0 सतीश कुमार पूर्व सचिव ने किया। वार्षिक बैठक में नए पदाधिकारी और आजीवन सदस्यों को समाज एवं मानव सेवा के लिए संकल्प कराया गया। वर्तमान समय में डॉक्टरों की सुरक्षा एवं संगठन पर विचार व्यक्त किये, साथ ही समाज सेवा में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता की आधार पर सेवा करना, संवाद करते हुए सहानुभूति रखने, पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण के साथ उन वृक्षों को संरक्षण देना, पब्लिक में सद्भावना रखना उनकी पीड़ा को समझना, कैम्प लगाकर गंभीर रोगों पर इलाज के साथ उपचार करना, मानव सेवा, ईश्वर पूजा के साथ सेवा कार्य पर विचार व्यक्तित्व किया। समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।



कार्यक्रम में मौजूद आईएमए के नय पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

